दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। शनिवार 15 जून -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 246 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




## युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही मोदी सरकार : कांग्रेस

**नीट परीक्षा मामला**




**नई दिल्ली।** नीट में अंकों पर हुई धांधली के मुद्दे पर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर हमला तेज कर दिया है। शुक्रवार को इस मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'चुप्पी' पर सवाल उठाया और कहा कि केवल सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में फोरेंसिक जांच ही लाखों युवा छात्रों के भविष्य की रक्षा कर सकती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि मोदी सरकार ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से 'नीट घोटाले को ढंकना' शुरू कर दिया है।

केंद्र और एनटीए ने बृहस्पतिवार को सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि उन्होंने एमबीबीएस और ऐसे अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा देने वाले 1,563 उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स रद्द कर दिए हैं। केंद्र ने कहा था कि उनके पास या तो दोबारा परीक्षा देने या समय की हानि के लिए उन्हें दिए गए प्रतिपूरक अंकों को छोड़ने का विकल्प होगा। वहीं इस मामले पर पीएम मोदी खामोश बने हुए हैं। उनकी खामोशी पर मोदी सरकार ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यहां अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में दावा किया कि नीट घोटाला व्यापम 2.0 है और मोदी सरकार इसे सफेद करना चाहती है। व्यापम या मध्य प्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल में घोटाला 2013 में सामने आया था।

# मान्यवर मैं गाजियाबाद लोकसभा से सांसद के लिए निर्वाचित हो गया हूं गाजियाबाद सदर सीट से मेरा त्याग पत्र स्वीकार करने की कृपा करें : अतुल गर्ग



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आमतौर पर राजनीति में कोई जनप्रतिनिधि पूर्व नहीं होना चाहता और त्यागपत्र भी कोई नहीं देना चाहता है लेकिन जिन प्रमोशन वाली परिस्थितियों में शहर विधायक अतुल गर्ग ने इस्तीफा दिया वैसा इत्तेफाक बहुत कम लोगों के साथ आता है। अतुल गर्ग ने लोकसभा सांसद निर्वाचित होते ही ये कहा था कि वह अपना इस्तीफा जल्द ही सौंप देंगे। सांसद अतुल गर्ग ने 14 जून को अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश को सौंप दिया। अतुल गर्ग ने बेहद नपे तुले शब्दों में अपना इस्तीफा सौंपा। उन्होंने अपने इस्तीफे में लिखा कि माननीय अध्यक्ष जी विधानसभा उत्तर प्रदेश, मान्यवर मैं 12 गाजियाबाद लोकसभा से सांसद के लिए निर्वाचित हो गया हूं। अतः गाजियाबाद सदर सीट (56 शहर गाजियाबाद) से मेरा त्यागपत्र स्वीकार करने की कृपा करें और इसी के साथ अतुल गर्ग ने शहर विधानसभा से इस्तीफा दे दिया। अतुल गर्ग के इस्तीफा देने के बाद ये सीट अब उपचुनाव के लिए रिक्त हो गई है।



अतुल गर्ग
विधायक (भा.ज.पा.)
विधान सभा, 56-शहर गाजियाबाद
पूर्व राज्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार

आवास :- के.डी.-14 बी कविनगर
गाजियाबाद
फोन नं. - 9811037560
ई-मेल - Atulgargoffice@gmail.com

विधान सभा उत्तर प्रदेश

पत्रांक संख्या :- ..........

दिनांक :- 14.6.2024

मा. अध्यक्ष जी,

विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

मान्यवर मैं 12- गाजियाबाद लोकसभा से सांसद के लिए निर्वाचित हो गया हूँ।

अत: गाजियाबाद सदर सीट (56 शहर गाजियाबाद) से मेरा त्याग पत्र स्वीकार करने की कृपा करें।

(अतुल गर्ग)

अतुल गर्ग
विधायक 56-शहर गाजियाबाद
उत्तर प्रदेश

**अतुल गर्ग के इस्तीफा देने के बाद ये सीट अब उपचुनाव के लिए रिक्त हो गई है**

## 30 शब्दों में समेट दी अतुल गर्ग ने 12 साल पुरानी कहानी

करंट क्राइम। अतुल गर्ग शब्द जादूगर कहे जाते हैं। शब्दों का एक मयार रखते हैं और शब्दों से ही वो सियासी वार भी करते हैं। लेकिन उनकी सबसे बड़ी खासियत ये है कि वो शब्द मामले में मयार्दा नहीं खोते हैं। जिस विधानसभा के वो लगातार दूसरी बार विधायक थे। उस विधानसभा में 12 वर्षों की कहानी को उन्होंने 30 शब्दों में समेट दिया। अतुल गर्ग पहली बार 2017 में शहर सीट से विधानसभा का चुनाव जीते। एक लाख से अधिक वोटों से चुनाव जीतने पर उन्हें प्रदेश सरकार में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री बनाया गया। इसके बाद वो दूसरी बार मंत्री मंडल के गठन में उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री बनाये गये। लेकिन जब अतुल गर्ग दूसरी बार विधायक बने तो उन्हें सरकार में मंत्री नहीं बनाया गया। सियासत वालों ने कहना शुरू कर दिया कि मंत्री वाली पारी समाप्त हो गई है लेकिन कोई नहीं जानता था कि राजनीति के कुशल खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बना चुके अतुल गर्ग को एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी मिलने जा रही है। वो अब लोकसभा सांसद हो गये हैं। 12 साल तक उन्होंने शहर विधानसभा संभाली और अब वो गाजियाबाद की लोकसभा सीट से सांसद हैं।

### सांसद बनने के बाद करेंगे वो कौन से अनुभवों को साझा

करंट क्राइम। अतुल गर्ग ने विधानसभा से सीधे लोकसभा में जम्प किया है। उनकी ये उड़ान भी सबको हैरान करने वाली है क्योंकि यहां टिकट होल्ड होने के बाद उनकी लोकसभा वाली उम्ममीदवारी में बोल्ड एन्ट्री हुई। एक बड़े मार्जिन से चुनाव जीता है और राहुल गांधी के बाद दूसरे ऐसे सांसद है जो उत्तर प्रदेश मे सर्वाधिक वोटों से चुनाव जीते हैं। कहा तो ये भी जाता है कि यदि गाजियाबाद में वोटों का ध्रुवीकरण गठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में नहीं होता तो अतुल गर्ग की जीत और बड़ी होती। अब सभी को इंतजार है जब वो लोकसभा संभालेंगे तो कई चीजों को साझा करेंगे। खासतौर से लोकसभा और विधानसभा के बीच की दूरियों को अपने शब्दों में जरूर लायेंगे। वो पहले ही कह चुके हैं कि संगठन और विधायकों को साथ लेकर चलेंगे। ऐसे में जब साथ साथ चलेंगे तो कई किस्से भी याद आयेंगे और अतुल गर्ग उन किस्सों को जरूर दोहरायेंगे। वो अपने लहजे में दूरियों को शब्दों के रूप में सामने लायेंगे।

### क्या उपचुनाव में देंगे वो किसी खास नाम पर जोर

करंट क्राइम। अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं और उनके सांसद होने के बाद ही विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। ऐसे में यहां कौन उम्मीदवार होगा इसको लेकर कयास लग रहे हैं। क्या अतुल गर्ग किसी नाम को आगे बढ़ायेंगे, इस पर चर्चा है। हालांकि अतुल गर्ग ने पहली बार विधानसभा टिकटों में ज्यादा हस्तक्षेप नहीं किया था जब दूसरी बार सूची आई तो लिस्ट में उनके खेमे के कई नाम थे। इन नामों को टिकट भी मिला और ये लहर में चुनाव भी जीत गये। इसी तरह जब उपचुनाव होगा तो सबकी निगाहें इसी तरफ रहेंगी कि क्या अतुल गर्ग कोई नाम शिफारिश का देंगे। वो किसी नाम के लिए जोर लगायेंगे। या फिर सिम्पली लोकसभा सांसद के रूप में अपनी पोलिटिक्ल एक्टिविटी को आगे बढ़ायेंगे।

## समाजवादी पार्टी ने लोनी विधायक के बयान को बताया भाजपा का मामला







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी जनपद गाजियाबाद के जिलाअध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने एक बयान में कहा है कि विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर के जो बयान दिया है कि सपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने महिला पत्रकार से बदसलूकी की है वह सपा का मामला नहीं बल्कि दोनों पक्ष भारतीय जनता पार्टी के हैं। उन्होंने कहा है कि विधायक इसकी जांच करने में खुद सक्षम हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि प्रशासन, शासन और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से क्या मामला है वह आपके संज्ञान में होगा। उन्होंने कहा है कि इस पूरे प्रकरण में समाजवादी पार्टी कहीं पर भी लिप्त नहीं है। वहीं महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी वीरेंद्र यादव व जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने कहा है कि समाजवादी पार्टी का इस बारे में पूरी तरह से खंडन करते हैं। इस मामले में समाजवादी पार्टी को ना घसीटा जाए।

दोनों ने ही पत्र जारी करते हुए विधायक लोनी से कहा है कि उत्तर प्रदेश में आपकी सरकार है। कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी शासन, प्रशासन की है। आप सक्षम हैं, स्वयं जांच करवा कर सुनिश्चित करें समाजवादी पार्टी को इस पूरे मामले से दूर रखा जाए।

## बकरीद को लेकर हुई पुलिस कमिश्नरेट के शीर्ष अधिकारियों की बैठक

### ड्रोन से होगी निगरानी और सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजरें

● सार्वजनिक स्थानों पर नही होने दी जाएगी कुर्बानी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार को मुख्यमंत्री और प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिस लाइन में कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारियों ने आगामी त्यौहार को लेकर मीटिंग की। मीटिंग में एसीपी स्तार के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि बकरीद पर सार्वजनिक स्थान पर कुबार्नी ना हो। किसी भी मुख्य मार्ग या सड़क पर नमाज ना पढ़ी जाए।

जहां पर पूर्व में आयोजन होते थे वहीं आयोजन किए जाएं, किसी भी नई परंपरा को शुरू न किया जाए। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र ने तीनों जोन के डीसीपी को अपने-अपने जोन में सोशल मीडिया और ड्रोन के जरिए मॉनिटरिंग कराने के निर्देश दिए हैं।

### हर जोन में तैनात की जाएगी अतिरिक्त फोर्स

करंट क्राइम : बकरीद के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने और किसी प्रकार की अशांति ना हो इसके लिए प्रत्येक जोन में अतिरिक्त फोर्स को तैनात किया जाएगा। साथ ही क्विक रिएक्शन टीम भी लगाई जाएगी। इसके साथ ही एसीपी स्तर के अधिकारियों और थाना प्रभारी को संवेदनशीलता बरतने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### चुनाव के बाद थी पहली बड़ी मीटिंग

करंट क्राइम : शुक्रवार की रात पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के वरिष्ठ और फील्ड में तैनात अफसरों की चुनाव बीतने के बाद पहली मीटिंग थी। इस मीटिंग में खासतौर पर बकरीद के त्योहार पर फोकस किया गया है। तो वही यूपीएससी परीक्षा और योग दिवस के आयोजन को लेकर भी दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## आइसक्रीम में उंगली निकलने के मामले का गाजियाबाद से नहीं निकला कोई लिंक

### फिर भी ट्रोनिका सिटी की फैक्ट्री के नमूने भेजे गए प्रयोगशाला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों पुणे में एक व्यक्ति ने ऑनलाइन आइसक्रीम ऑर्डर की थी और उस आइसक्रीम के अंदर मानव की उंगली निकली थी। उंगली निकल के इस मामले का लिंक गाजियाबाद से शुरूआती तौर पर निकाल कर आया लेकिन जब इस पूरे मामले में गाजियाबाद प्रशासन, पुलिस और खाद्य विभाग की टीमों ने कार्रवाई शुरू की तो पता चला कि ट्रोनिका सिटी में जो कंपनी का नाम और पता दिया गया है, उसका यहां से कोई लिंक नहीं है।

दरअसल आइसक्रीम पुणे की फॉर्चून डेरी इंडस्ट्री में बनाई गई थी। निरीक्षण में संबंधित फर्म के इंचार्ज संजय शर्मा ने बताया है की आइसक्रीम ब्रांड नेम युममो की मार्केटिंग करने वाली फर्म का केस कंपनी वालों वालको क्यूआर्स प्राइवेट लिमिटेड टारगेट मुंबई द्वारा अपने लेटर हेड पर बताया गया है कि निमार्ता फर्म गाजियाबाद की नहीं है।

### खाद्य विभाग ने छापेमारी कर लिए नमूने

करंट क्राइम : आइसक्रीम में उंगली निकालने के मामले के बाद गाजियाबाद की फर्म लक्ष्मी आइसक्रीम ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद में खाद्य सुरक्षा विभाग की एक संयुक्त टीम द्वारा संबंधित फर्म की जांच की गई। यहां मानक अधिनियम के अंतर्गत निरीक्षण करते हुए सैंपलिंग भी ली गई है। टीमों ने यहां से युममो ब्रांड के मांगो अल्फांसो आइसक्रीम समेत कुल्फी, बटरस्कॉच और चोकोबार के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### स्थानीय पुलिस और फोरेंसिक टीम भी पहुंची थी लोनी

करंट क्राइम : इस पूरे मामले में फिलहाल पुलिस के अधिकारी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दे रहे हैं लेकिन सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस की लोकल टीम और फोरेंसिक टीम यहां पहुंची थी क्योंकि जिस प्रकार से फैक्ट्री का नाम ट्रोनिका सिटी से जुड़ा था और उंगली निकालने का मामला सुर्खियों में आया था। पर जब इस पूरे मामले की जांच पड़ताल हुई तो यह आइसक्रीम पुणे की फैक्ट्री से पैक होने की बात स्पष्ट हो गई है।

## कांग्रेस के पूर्व विधानसभा उम्मीदवार सुशांत गोयल ने लगाये जिला अस्पताल पर एनजीटी के मानकों के उल्लंघन का आरोप





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस के पूर्व विधानसभा उम्मीदवार सुशांत गोयल ने जिला सरकारी अस्पताल प्रबंधन पर एनजीटी के मानकों का उल्लंधन करने का अरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि इन दिनों जिला अस्पताल के पीछे बने स्टॉफ क्वार्टर तोड़ा जा रहा है। लेकिन इनके तोड़ने में एनजीटी के मानकों का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुराने निर्माण को तोड़े जाने या नए निर्माण किये जाने के दौरा एनजीटी का यह सख्त आदेश है कि धूल से बचाव के लिए पर्दे लगाये जायेंगे। उस स्थान को ढका जायेगा। सुशांत गोयल ने कहा कि जिला अस्पताल परिसर में मकान तोड़े भी जा रहे हैं और निर्माण भी हो रहा है लेकिन एनजीटी के एक भी मानक का पालन नहीं हो रहा है। जिला अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से आस पास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धूल और गुब्बार से परेशानी हो रही है।


उन्होंने कहा कि मैंने कई बार अस्पताल प्रबंधन को सूचना दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को कहने के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ है। सुशांत गोयल का कहना है कि एनजीटी के मानकों का उल्लंघन होने पर अब वो शिकायत दर्ज करायेंगे।





## नगर निगम ने देर से भेजी वार्ड के रिक्त होने की रिपोर्ट

### अब वार्ड 19 के मतदाता डाल पाएंगे दिसम्बर महीने में उपचुनाव में वोट





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम का एक वार्ड ऐसा हैं जहां उपचुनाव होना है। ये वार्ड भाजपा पार्षद उर्मिला चौहान का था। भाजपा पार्षद उर्मिला चौहान का निधन हो गया था और उनके निधन के बाद वार्ड 19 की यह सीट रिक्त चल रही है। पार्षद उर्मिला चौहान भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा प्रदीप चौहान की पत्नी थीं। वह वार्ड 19 में भाजपा के टिकट पर भाजपा का चुनाव जीतीं थी।

माना ये जा रहा था कि लोकसभा चुनावों की आचार संहिता खत्म होने के बाद वार्ड 19 में उपचुनाव होगा। यह उम्मीद थी कि शुक्रवार को वार्ड 19 के उपचुनाव की अधिसूचना जारी हो जायेगी। लेकिन ये अधिसूचना जारी नहीं हो पाई। बताया जाता है कि यहां लेट वाला पेंच फंस गया है।

सूत्र बताते हैं कि नगर निगम को अपनी रिपोर्ट नगरीय विकास निदेशालय में भेजनी थी। नगर निगम की रिपोर्ट के आधार पर नगरीय निदेशालय उसे चुनाव आयोग में भेजता और वहां से चुनाव के लिए अधीसूचना जारी होती। लेकिन नगर निगम ने ये सूचना ही नगरीय निदेशालय को देर से भेजी।

इसका नतीजा ये हुआ कि वार्ड 19 का मामला लखनऊ में नगर विकास निदेशालय में दर्ज नहीं हुआ। अब जब ये रिपोर्ट गई है तो इसे निर्वाचन आयोग भेजा जायेगा और इन सबमें समय लगेगा। वार्ड 19 के मतदाता अब उपचुनाव में दिसम्बर महीने में वोट डाल सकेंगे। उन्हें अपना नया पार्षद चुनने के लिए दिसम्बर महीने का इंतजार करना होगा। फिलहाल 6 महीने तक वार्ड 19 में उपचुनाव का सीन नहीं बन रहा है।

# जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली पहुंचे पीएम मोदी, वैश्विक नेताओं के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठकें



**ब्रिंडिजी/नई दिल्ली।** सात विकसित देशों के समूह (जी-7) के शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली के अपुलिया पहुंच गये हैं। एक दिवसीय यात्रा के दौरान वह कई वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ॉमैं जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए इटली पहुंच गया हूं। दुनिया के नेताओं के साथ मिलकर सार्थक चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। हमारा लक्ष्य वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना और उज्ज्वल भविष्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने हवाई अड्डे से एक वीडियो संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली के अपुलिया में ब्रिंडिजी एयरपोर्ट पर उतरे। प्रवक्ता ने कहा कि एजेंडे में आउटरीच सत्र में भागीदारी शामिल है। इस दौरान, वैश्विक नेताओं के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें भी होंगी। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री आउटरीच सत्र के लिए रवाना होने से पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। इन बैठकों में मुख्य रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बाद में, पीएम मोदी के जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ बातचीत करने की उम्मीद है। पीएम मोदी और कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो के बीच कोई द्विपक्षीय बैठक निर्धारित नहीं है, लेकिन आधिकारिक फोटो-ऑप के दौरान उनके अनौपचारिक रूप से मिलने की संभावना है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन ने गुरुवार को ब्रिंडिजी जाते समय संवाददाताओं से कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और पीएम मोदी को जी-7 सत्र के दौरान एक-दूसरे से मिलने का अवसर मिलेगा। सुलिवन ने कहा, जब हम पेरिस में थे, तब राष्ट्रपति बाइडेन ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बात की थी और उन्हें चुनाव के नतीजों और तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी थी। अमेरिकी एनएसए ने कहा, हमें उम्मीद है कि मोदी और बाइडेन को एक-दूसरे से मिलने का अवसर मिलेगा। उस मुलाकात की प्रकृति क्या होगी, यह अभी भी निश्चित नहीं है, क्योंकि कार्यक्रम अभी पूरी तरह तय नहीं है।" लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली विदेश यात्रा है और शिखर सम्मेलन में उनकी लगातार पांचवीं भागीदारी है। भारत जी-7 शिखर सम्मेलन में 11वीं बार भाग लेगा।

## उन्होंने बिल्कुल सही कहा, इंद्रेश कुमार के बयान पर बोले संजय राउत

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेता इंद्रेश कुमार ने बीजेपी को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि अपने अहंकार की वजह से इन्हें लोकसभा चुनाव में ऐसी दुर्गति का सामना करना पड़ा। अहंकार की वजह से ये लोग महज 241 सीटों पर ही सिमटकर रह गए। इंद्रेश कुमार के इस बयान पर अब शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की प्रतिक्रिया सामने आई है। संजय राउत ने इंद्रेश कुमार का पक्ष लेते हुए कहा, उन्होंने बिल्कुल सही कहा है। आज अगर इस लोकसभा चुनाव में भाजपा की ऐसी दुर्गति हुई है, तो इसका कारण भाजपा का अहंकार है। इंद्रेश कुमार जी ने बिल्कुल सही बात कही है। भाजपा को अपने अहंकार की वजह से ही हार का मुंह देखना पड़ा है। इसके अलावा, संजय राउत ने कई अन्य मुद्दों पर भी अपनी बात रखी। बता दें कि इंद्रेश कुमार ने कहा था कि इनमें धीरे-धीरे अहंकार आ गया।

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से मिलेंगे सीएम योगी, चुनाव नतीजों के बाद गोरखपुर में संघ का अहम ट्रेनिंग सेशन



**गोरखपुर।** लोकसभा चुनाव नतीजे आने के बाद पहली बार यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात करेंगे. दोनों के बीच ये मुलाकात गोरखपुर में होगी. यूपी में बीजेपी के खराब प्रदर्शन के बाद इस मुलाकात को अहम माना जा रहा है, क्योंकि दोनों के बीच लोकसभा चुनाव और राज्य में संघ के विस्तार से लेकर अन्य मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। इससे पहले, भागवत ने चिउटाहा क्षेत्र के एसवीएम पब्लिक स्कूल में चल रहे संघ कार्यकर्ता विकास वर्ग शिविर में स्वयंसेवकों को संबोधित किया, जहां 3 जून से प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इस प्रशिक्षण शिविर में लगभग 280 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। गुरुवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने काशी, गोरखपुर, कानपुर और अवध क्षेत्र में संघ की जिम्मेदारी संभाल रहे संघ के करीब 280 स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं से संघ के विस्तार, राजनीतिक परिदृश्य और सामाजिक सरोकारों पर चर्चा की। जानकारी के मुताबिक संघ प्रमुख ने शाखाओं की संख्या बढ़ाने और संगठन के विस्तार पर जोर दिया है और संघ द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न प्रकल्पों के विस्तार पर भी सुझाव दिए हैं. बता दें कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी के उम्मीद के मुताबिक परिणाम नहीं आने के बाद से आरएसएस नेताओं की तरफ से लगातार बयान सामने आ रहे हैं. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेता इंद्रेश कुमार ने लोकसभा चुनाव के नतीजे पर बड़ा बयान देते हुए सत्तारूढ़ बीजेपी को 'अहंकारी' और विपक्षी इंडिया ब्लॉक को 'राम विरोधी' करार दिया है। इंद्रेश कुमार ने कहा, राम सबके साथ न्याय करते हैं. 2024 के लोकसभा चुनाव को ही देख लीजिए. जिन्होंने राम की भक्ति की, लेकिन उनमें धीरे-धीरे अंहकार आ गया. उस पार्टी को सबसे बड़ी पार्टी बना दिया. लेकिन जो उसको पूर्ण हक मिलना चाहिए, जो शक्ति मिलनी चाहिए थी, वो भगवान ने अहंकार के कारण रोक दी।

## न्यूज डायरी

### कर्नाटक के गृह मंत्री ने कहा, दर्शन को नहीं दी जा रही विशेष सुविधा



**बेंगलूरु।** रेणुकास्वामी हत्या मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने कहा कि गिरफ्तार किए गए कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन को कोई विशेष सुविधा नहीं दी जा रही है। इस मामले में पुलिस को जांच के लिए पूरी छूट दी जानी चाहिए। गृह मंत्री दर्शन और उनके साथियों के साथ शाही व्यवहार किए जाने के आरोपों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। पत्रकारों से बात करते हुए परमेश्वर ने कहा, पुलिस को यह बताया जाएगा कि वह जनता के हित में काम करे और लोगों को परेशान न करे। हालांकि, हमें उन्हें मामले की जांच करने की पूरी छूट देनी चाहिए। आरोपियों को बिरयानी खिलाना या उन्हें शाही व्यवहार देना संभव नहीं है। ऐसा नहीं हुआ है और ऐसा होना भी नहीं चाहिए। दर्शन के टहलने के लिए पुलिस स्टेशन के चारों ओर 'शामियाना' लगाए जाने के बारे में पूछे जाने पर परमेश्वर ने कहा, मैंने पुलिस से शामियाना लगाने, सार्वजनिक सड़क पर बैरिकेड लगाने और उन्हें शाही व्यवहार दिए जाने के बारे में पूछा। पुलिस अधिकारियों ने मुझे आश्वस्त किया कि उन्होंने ऐसा नहीं किया है और वह भविष्य में भी ऐसा नहीं करेंगे। उन्होंने मुझे बताया है कि आरोपियों के साथ अन्य आरोपियों जैसा ही व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने अपनी बात को दोहराते हुए कहा कि मेरी राय में पुलिस को जांच में पूरी छूट दी जानी चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि दर्शन को जिस पुलिस स्टेशन में रखा गया है, वहां शिकायत दर्ज कराने के लिए लोगों को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है और पासपोर्ट सत्यापन के लिए आने वाले लोगों को वापस भेजा रहा है, तो इस पर परमेश्वर ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी। चित्रदुर्ग निवासी रेणुकास्वामी (33) की नृशंस हत्या के सिलसिले में अभिनेता दर्शन, उनकी कथित 'दूसरी पत्नी' पवित्रा गौड़ा और 11 अन्य सहित कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि रेणुकास्वामी का अपहरण कर बेंगलुरु लाया गया और एक शेड में रखा गया। उन्हें प्रताड़ित करके मार दिया गया और बाद में उनके शव को एक नाले के पास फेंक दिया गया। जब पुलिस ने शव बरामद कर मामले की जांच शुरू की तो चारों आरोपियों ने आत्मसमर्पण कर हत्या की बात कबूली। पुलिस की सख्त पूछताछ में चारों ने कबूला कि उन्हें अभिनेता दर्शन ने जांच को गुमराह करने के लिए भेजा था। आगे की जांच में पता चला कि दर्शन और उनके सहयोगियों ने रेणुकास्वामी को इसलिए बेरहमी से प्रताड़ित किया क्योंकि उसने इंस्टाग्राम पर पवित्रा गौड़ा को अपमानजनक संदेश भेजा था।

### जमशेदपुर में दो बच्चों सहित तीन लोगों की ट्रेन से कटकर मौत



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में गोविंदपुर रेलवे हॉल्ट के पास शुक्रवार को दो बच्चों और एक पुरुष की डेड बॉडी मिलने से सनसनी फैल गई। इन तीनों की मौत ट्रेन से कटकर हुई है। इनकी पहचान नहीं हो पाई है। रेलवे पुलिस और गोविंदपुर थाने की पुलिस ने लाशों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भेजा है। जिले के सभी थानों को मृतकों की तस्वीरें भेजी गई हैं ताकि उनकी शिनाख्त हो सके। बताया गया कि गोविंदपुर हॉल्ट में पोल संख्या 242/सी के पास तीनों की लाशें पड़ी होने की सूचना रेलवे के ही एक कर्मचारी ने रेलवे पुलिस को दी। इसकी जानकारी होने पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुट आए, लेकिन कोई मृतकों की पहचान नहीं कर पाया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इनकी मौत टाटा से हावड़ा की तरफ जा रही गुड्स ट्रेन से कटने से हुई है। गोविंदपुर के थाना प्रभारी प्रशांत कुमार ने बताया कि शवों को देखने से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि मृतक पुरुष की उम्र 30 वर्ष के आसपास है, जबकि मृतकों में एक बच्चे की उम्र पांच और दूसरे की उम्र तीन वर्ष के आसपास है। पुलिस सभी बिंदुओं पर तहकीकात कर रही है।

### रुपौली उपचुनाव में जदयू ने कलाधर प्रसाद मंडल को बनाया उम्मीदवार



**पटना।** बिहार के पूर्णिया जिले के रुपौली विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में जदयू ने शुक्रवार को अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी। जदयू ने रुपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कलाधर प्रसाद मंडल को प्रत्याशी बनाया है। जदयू प्रदेश कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने घोषणा करते हुए कहा कि रुपौली जदयू की सीट रही है और राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के निर्णय के बाद कलाधर प्रसाद मंडल को पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने रुपौली उपचुनाव में जीत का दावा करते हुए कहा कि हाल में ही संपन्न लोकसभा चुनाव में एनडीए ने बेहतर प्रदर्शन किया है। उल्लेखनीय है कि रुपौली से विधायक बीमा भारती लोकसभा चुनाव में पूर्णिया से राजद के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरी थी। हालांकि, उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। चुनाव से कुछ ही दिन पहले वे जदयू छोड़कर राजद में शामिल हुई थी। महागठबंधन की ओर से भाकपा ने यहां से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। पिछले विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की ओर से भाकपा ने यहां से चुनाव लड़ा था, लेकिन जदयू की बीमा भारती जीत गई थीं। इसके बाद इस उपचुनाव में भाकपा ने फिर इस सीट पर दावा ठोंका है। इस सीट पर 10 जुलाई को मतदान होना है। शुक्रवार से उपचुनाव के लिए नामांकन दर्ज करने का काम शुरू हो गया है।

## झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटा आयोग, वोटर लिस्ट अपडेट करने की प्रक्रिया तेज



**रांची।** झारखंड में कुछ महीनों बाद संभावित विधानसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने वोटर लिस्ट को अपडेट करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शुक्रवार को राज्य के सभी 24 जिलों के निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों के साथ रिव्यू मीटिंग की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूची से गलत तरीके से कई लोगों के नाम हटाए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। ऐसी शिकायतों का नियमानुसार सत्यापन करते हुए कार्रवाई की जाए। उन्होंने वोटर इन्फोर्मेशन स्लिप के वितरण के दौरान बनाई गई सूची से मिलान करते हुए मतदाता सूची से शिफ्टेड, डुप्लीकेट एवं मृत मतदाताओं के नाम नियमानुसार हटाने के निर्देश दिए। बताया गया कि अभी भी जिन मतदाताओं के पास पुराना लेमिनेटेड मतदाता पहचान पत्र है, उसे बदलते हुए नए रंगीन आईडी उपलब्ध कराए जाएंगे। किसी भी कारण से अब तक छूटे मतदाताओं को भी मतदाता सूची से जोड़ने के लिए अभियान शुरू किया जाएगा। निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्रों में भ्रमण करते हुए मतदाता सूची के निर्माण कार्य की प्रक्रिया को गति देने का निर्देश दिया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी बीएलओ सुपरवाइजर घर-घर जाकर बीएलओ के कार्यों का सत्यापन करें। बीएलओ के सत्यापित घरों में से 10 प्रतिशत घरों का बीएलओ सुपरवाइजर भौतिक सत्यापन करें एवं मुख्यालय से मिले स्टिकर चिपकाएं। बताया गया कि 1 जुलाई से मुख्यालय के पदाधिकारी जिलों का भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची को स्वच्छ बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के मापदंडों के अनुरूप कार्यों की समीक्षा करेंगे। रिव्यू मीटिंग में ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित मुख्य निर्वाचन पादधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी मौजूद थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी विधानसभा क्षेत्रों के एईरओ, आरओ, कंप्यूटर ऑपरेटर, हेल्प डेस्क मैनेजर सहित जिलों में निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी एवं कर्मी जुड़े थे।

## कोलकाता हाई कोर्ट ने रेस्टोरेंट मालिक की पिटाई के मामले में दस्तावेज सुरक्षित रखने का दिया आदेश

**कोलकाता।** कोलकाता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस विधायक सोहम चक्रवर्ती द्वारा एक रेस्टोरेंट मालिक की पिटाई के मामले में पुलिस को दस्तावेज सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की एकल पीठ ने मामले की जांच बिधाननगर सिटी पुलिस के खुफिया विभाग से कराने का निर्देश दिया। उसने पुलिस को रेस्टोरेंट मालिक अनिसुल आलम की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सिन्हा ने आलम की ओर से दायर एक याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया जिसमें आरोप लगाया गया था कि 7 जून की रात को हुई घटना के बाद से ही विधायक उसे धमकियां दे रहे हैं। उन्होंने मामले की जांच सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) रैंक के अधिकारी से कराने का आदेश दिया। मामले में अगली सुनवाई 4 जुलाई को होगी। उत्तरी 24 परगना जिले में बारासात के जिला कोर्ट ने गुरुवार को चक्रवर्ती को अग्रिम जमानत दे दी थी। चक्रवर्ती ने 7 जून की रात पार्किंग को लेकर हुए विवाद में आलम को पीट दिया था। घटना उसी परिसर की है जहां पीड़ित का रेस्टोरेंट है। उनकी यह हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। चक्रवर्ती ने आलम को पीटने की बात स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि जब रेस्टोरेंट मालिक ने अभिषेक बनर्जी को गालियां देनी शुरू की तो मैं बर्दाश्त नहीं कर सका। रेस्टोरेंट मालिक ने अभिषेक बनर्जी को गाली देने के आरोपों से इनकार किया है। उसने कहा, मैं बनर्जी का बहुत सम्मान करता हूं। एक्टर अपनी गलती छिपाने के लिए ढाल के तौर पर उनका इस्तेमाल कर रहे हैं। आलम ने बताया कि विवाद तब हुआ जब उन्होंने विधायक के ड्राइवर और उनके अंगरक्षक से उनकी पार्किंग में अवैध रूप से पार्क की गई कार हटाने के लिए कहा।

## नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच का आदेश देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह नीट (यूजी) 2024 परीक्षा में पेपर लीक और कदाचार के अन्य मामलों में सिर्फ एक पक्ष के कहने पर सीबीआई जांच का आदेश नहीं दे सकता। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ ने एक वकील के आवेदन पर सुनवाई के दौरान कहा, हमने याचिका पर विचार किया। हम एक पक्ष के कहने पर आदेश नहीं सुनाते हैं। कैसी सीबीआई जांच? क्या सिर्फ एक पक्ष को सुनकर आज के आज सीबीआई जांच का आदेश दिया जा सकता है? क्या आपकी यह मांग है? वकील ने मामले में तत्काल सीबीआई जांच की मांग की थी। पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति संदीप मेहता भी शामिल थे, ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पेपर लीक के आरोपों से जुड़े सीबीआई/एसआईटी जांच की मांग वाली नई याचिकाओं पर दो सप्ताह में जवाब दाखिल कर सकती है। साथ ही शीर्ष अदालत ने अगली सुनवाई से पहले कथित पेपर लीक की शिकायत की जांच पर बिहार पुलिस से स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। पीठ ने कहा, आपने अपनी याचिका में हर तरह के आरोप लगाये हैं। हमने उन्हें (एनटीए और अन्य को) अपना जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। वे अपना जवाब दाखिल करेंगे। सुप्रीम कोर्ट में परीक्षा रद्द करने तथा अन्य मसलों से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर 8 जुलाई को एक साथ सुनवाई होगी। शीर्ष अदालत इससे पहले कई मौकों पर नीट (यूजी) 2024 के परिणामों के आधार पर मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर चुकी है।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिये गये अपने फैसले में बर्बाद समय के बदले ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1,563 छात्रों के स्कोरकार्ड देखने के बाद उन्हें दिये गये ग्रेस मार्क्स रद्द कर दिये। शीर्ष अदालत ने उन्हें 23 जून को दोबारा परीक्षा में शामिल होने या अपने वास्तविक मार्क्स के आधार पर मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग में भाग लेने का विकल्प दिया है। दोबारा हुई परीक्षा का परिणाम 30 जून को आएगा। शीर्ष अदालत ने पूरी काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

## अच्छा होगा कि येदियुरप्पा पूछताछ के लिए जल्द से जल्द पेश हों : कर्नाटक के गृह मंत्री



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने शुक्रवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया जा चुका है और अच्छा होगा कि वह पोक्सो मामले में जांच के लिए जल्द से जल्द पेश हों। परमेश्वर ने संवाददाताओं से कहा कि येदियुरप्पा ने कहा है कि वह जांच अधिकारियों के समक्ष 17 जुलाई को पेश होंगे। परमेश्वर ने कहा, येदियुरप्पा के नाम गिरफ्तारी का वारंट जारी किया जा चुका है। उन्हें थाने ले जाकर पूछताछ की जाएगी। पुलिस कानून के मुताबिक उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। भाजपा द्वारा इसे राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बताये जाने के बारे में टिप्पणी करते हुए गृह मंत्री ने कहा, भाजपा यही कहेगी क्योंकि उनके पास कहने के लिए कुछ और नहीं है। चार महीने पहले दर्ज केस में कार्रवाई में देरी के बारे में पूछे जाने पर परमेश्वर ने कहा कि आवाज के नमूने जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजे गये थे और उसकी रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा था। उन्होंने कहा, आरोपी एक बड़ी हस्ती और वीआईपी हैं, इसलिए कार्रवाई से पहले सब कुछ अच्छी तरह जांच लिया गया। येदियुरप्पा के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट गुरुवार को जारी किया गया था। उनकी जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय में शुक्रवार को सुनवाई हो सकती है। साथ ही अदालत मामले की जांच पर रोक लगाने और केस को रद्द करने की एक याचिका पर भी सुनवाई करेगी। इस साल मार्च में येदियुरप्पा के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया गया था। एक महिला ने आरोप लगाया था कि जब वह अपनी बेटी के साथ मदद के लिए पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर गई थी तो उन्होंने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने येदियुरप्पा की गिरफ्तारी की अनुमति मांगते हुए बुधवार को कर्नाटक हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की थी। पीड़िता के भाई ने भी येदियुरप्पा की गिरफ्तारी की मांग करते हुए अदालत में एक रिट याचिका दायर की थी जिसमें कहा गया था कि शिकायत दर्ज कराने के चार महीने बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।

## कानपुर ही नहीं पूरे उ0प्र0 की जनता को भाजपा मेयरों ने ठगा : अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्मार्ट सिटी को लेकर कानपुर की मेयर पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी बनाने का कागजी काम भ्रष्टाचार का शिकार होकर कागजों में ही लटका है। उन्होंने कहा, कानपुर ही नहीं पूरे उप्र की जनता को भाजपाई मेयरों ने ठगा है। शुक्रवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कानपुर की मेयर का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, उप्र में भाजपा सरकार के ॒हवाई दावों की हवा में उड़ती फाइल॒। कानपुर मेयर का ये दिखावटी गुस्सा कितना सच है, जनता सब जानती है। कानपुर ही नहीं पूरे उप्र की जनता को भाजपाई मेयरों ने ठगा है। उन्होंने लिखा कि उप्र में स्मार्ट सिटी बनाने का कागजी काम भाजपाई भ्रष्टाचार का शिकार होकर कागजों में ही लटका है। स्मार्ट सिटी के नाम पर उप्र को बजबजाती नालियों, सरांध भरे नालों, गड्ढेयुक्त सड़कों-गलियों, जाम में फंसी सड़कों के अलावा अगर और कुछ मिला है तो वो है ॒भाजपाई राजनीति का वो प्रदूषण जो सारे ठेके अपने लोगों को लेन-देन के सौदे के बदले में देता है। इसलिए इनका काम न होने का क्रोध केवल दिखावा है। जनता ऐसे नाटक देख-देखकर त्रस्त हो चुकी है और अगले मेयर चुनाव में भाजपा के मेयरों को हराने-हटाने के लिए तैयार बैठी है। ज्ञात हो कि कानपुर की मेयर प्रमिला पांडेय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह गुस्से में एक अधिकारी पर फाइल फेंकती नजर आ रही हैं। साथ ही साथ अभियंताओं को फटकार लगाती भी दिख रही हैं। दरअसल, कानपुर नगर निगम ऑफिस में मेयर नाला सफाई एवं अन्य विषयों पर अधिकारियों की बैठक ले रही थीं। नाला सफाई में लापरवाही को लेकर मेयर ने बैठक के दौरान लापरवाही पर नाराजगी जताई।


## कार्यालय जिलाधिकारी, गाजियाबाद

पत्रांक-2147 / नाजिर सदर/2-7-7-5/2023-24, दिनांकः-14 जून-2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

परिषदादेश संख्या-जी-147/12-विविध/2011, दिर्नीक 13-07-2020 के क्रम में जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों 1 तहसील गाजियाबाद, 2-तहसील मोदीनगर व 3-तहसील लोनी में नायब तहसीलदारों द्वारा राजस्व विभाग के महत्वपूर्ण दायित्वों के निर्वहन हेतु, आउट सोर्सिंग से तीन ए०सी०युक्त टैक्सी बोलेरो वाहनों की विभिन्न शर्तों व प्रतिबन्धों के अन्तर्गत, निविदायें, दिनांक 01.07.24 से 31.03.2026 की अवधि हेतु, निविदा स्वीकृति उपरान्त, वाहन उपलब्ध कराने की तिथि से, दिनांक 31-03-2026 की अपराहन 08 :00 बजे तक की अवधि के लिये, निविदायें आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता, कम्पनी / फर्म से निविदायें दिनाँक 21.06.24 की पूर्वाहन 11 :30 बजे तक, कक्ष संख्या-132, नजारत अनुभाग, कलक्ट्रेट गाजियाबाद में आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन दिनाँक 21.06.24 को ही अपराह्न 03 :00 बजे, अपर जिलाधिकारी (नगर), गाजियाबाद की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में खोली जायेंगी। निविदा हेतु आवेदन पत्र पूर्वाह्न 11 :00 बजे से दिनांक 20.06.24 की अपराह्न 04 :00 बजे तक, कक्ष संख्या-132 नजारत अनुभाग, कलक्ट्रेट गाजियाबाद से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा की शर्तें एवम निविदा हेतु आवेदन पत्र, जिला प्रशासन गाजियाबाद की वेबसाईट ghaziabad.nic.in पर भी उपलब्ध हैं।

**प्रभारी अधिकारी (नजारत). कृते जिलाधिकारी, गाजियाबाद।**

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। शनिवार 15 जून-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# हथौड़े से तोड़ दिया पूर्व मेयर अशु वर्मा के उद्घाटन वाला पत्थर

● भाजपा महिला कार्यकर्ता ने थाने में दर्ज करायी हथौड़े बरसाने वाले आरोपी के खिलाफ एफआईआर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में नाम का ही क्रेज होता है और ये उद्घाटन के शिलापट्ट है जो किसी भी जनप्रतिनिधि को वर्षों तक जिन्दाबाद रखते हैं। उद्घाटन के पत्थर ही बताते हैं कि कौन कितना एक्टिव रहा है। काले पत्थर पर गोल्डन अक्षरों में उपलब्धियां लिखी जाती हैं और फिर उद्घाटन के साथ ये पत्थर





स्थापित हो जाता है और पत्थर पर नाम दर्ज हो जाता है। लेकिन इन्दिरापुरम की शिप्रा कृष्णा विस्टा सोसाइटी में स्वीमिंग पूल के उद्घाटन वाले पत्थर को नहीं पता था कि जिस पत्थर पर पूर्व मेयर अशु वर्मा का नाम लिखा है जिस पत्थर का उद्घाटन ही पूर्व मेयर अशु वर्मा ने किया है उस पत्थर को कोई हथौड़े मार मार कर तोड़ देगा। लेकिन ऐसा हो गया। हथौड़े मार मार के पूर्व मेयर अशु वर्मा के पत्थर को तोड़ा गया। खुद भी तोड़ा और दो लोग और भी बुलाये। इस मामले में भाजपा की महिला कार्यकर्ता प्रिया बिष्ठ ने बाकायदा एफआईआर दर्ज करायी। उन्होंने आरोप लगाया है कि सोसाइटी में रहने वाले अमित अग्रवाल ने दो अज्ञात लोगों के साथ मिलकर इस पत्थर को तोड़ा है। इतना ही नहीं उन्होंने प्रिया बिष्ठ के साथ अभ्रद व्यवहार भी किया और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अमित अग्रवाल ने पूर्व मेयर अशु वर्मा के नाम लिखे शिलापट को हथौडे को मारकर क्यों तोडा है, उसकी किस बात को लेकर नाराजगी थी, इस बात का पता पुलिस जांच में ही चलेगा। लेकिन पूर्व मेयर के नाम लिखे शिलापट को तोड़ने के मामले ने एक नए सवाल को जन्म तो दे ही दिया है। अगर कोई व्यक्ति किसी जनप्रतिनिधि से नाराज है तो इसका मतलब यह तो नहीं कि वह उनके कार्यकाल में हुए किसी भी लोकार्पण के पत्थर को हथौड़े मारकर तोड़ देगा। बहरहाल पूरा मामला जांच के बाद ही पता चलेगा।

### पूर्व आरडब्लूए अध्यक्ष हैं प्रिया बिष्ठ और मेयर कार्यकाल में बना था स्वीमिंग पूल

करंट क्राइम। शिप्रा कृष्णा विस्टा सोसाइटी में रहने वाले अमित अग्रवाल ने जिस स्वीमिंग पूल के उद्घाटन के पत्थर को हथौडा मार कर तोडा है वह स्वीमिंग पूल अशु वर्मा के कार्यकाल में बनाया गया था। उस समय प्रिया बिष्ठ आरडब्लूए की अध्यक्ष थी। प्रिया बिष्ठ भाजपा की सक्रिय कार्यकर्ता हैं।

### प्रधानमंत्री ले रहे थे शपथ और पूर्व मेयर के नाम पर चल रहा था हथौड़ा

करंट क्राइम। इन्दिरापुरम थाने में दर्ज करायी कई एफआईआर में बताया गया है कि 9 जून को जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शपथ ग्रहण समारोह नई दिल्ली में चल रहा था उसी समय शिप्रा कृष्णा विस्टा निवासी अमित अग्रवाल रात को लगभग 8.30 बजे हथौडा लेकर दो व्यक्तियों के साथ आकर पूर्व मेयर अशु वर्मा के शिलापट को तोड़ रहा था। प्रिया बिष्ठ का कहना है कि इस कृत्य से भाजपा कार्यकताओं और समस्त निवासियों में आक्रोश है।

### आरोपी ने खुद बनायी वीडियो और कर दी खुद ही वायरल

करंट क्राइम। इन्दिरापुरम थाने में दर्ज करायी गई रिपोर्ट मे कहा गया है कि अमित अग्रवाल ने सबसे पहले हथौड़ा लेकर तत्कालीन मेयर अशु वर्मा के नाम वाले शिलापट को तोड़ा और तोड़ते हुए का वीडियो बनाया। वीडियो में स्पष्ट कहा गया है कि तुम्हारा नाम इस पर नहीं होना था। खुद अमित अग्रवाल ने अपनी द्वारा बनायी गई वीडियो को वायरल किया।

## सीएम योगी के आदेशों का कमिश्नरेट में शुरू हो गया असर

# पुलिस अधिकारियों के वाहनों से हटाए जा रहे हैं प्रेशर हॉर्न और तेज आवाज हूटर

### सार्वजनिक स्थानों पर हूटर बजाने वालों पर दर्ज होंगे मुकदमे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान पुलिस के अधिकारियों से लेकर सरकारी अफसर को निर्देश दिया था कि उनके वाहनों में प्रेशर हॉर्न हटाए जाएं और हूटर भी कम आवाज वाले इस्तेमाल किए जाएं। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों को



निर्देश दिया गया है कि सार्वजनिक स्थानों पर हूटर बजने वाले उत्पतियों के खिलाफ पुलिस सख्ती से कार्रवाई करे और जेल भेजा जाए। लखनऊ से दिए गए आदेश का पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शुक्रवार को असर देखने को मिला है। विभागीय लोगों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कई एसीपी और अन्य अधिकारियों के निजी व सरकारी वाहनों से प्रेशर हॉर्न और तेज आवाज वाले हूटर हटाए गए हैं। आने वाले दिनों में यह अन्य विभागों के कर्मचारियों के साथ भी अमल में लाया जाएगा

### परिवहन विभाग भी चलाएगा अभियान

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि डीआईजी स्तर के अधिकारी के निर्देश पर परिवहन विभाग के अधिकारी भी अलग-अलग जोन में अभियान शुरू कर चुके हैं। जहां निजी और सरकारी वाहनों से हूटर और तेज आवाज वाले प्रेशर हॉर्न निकालने का अभियान शुरू कर दिया गया है। बता दें कि गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए यह निर्देश जिले के सभी अधिकारियों को अमल में लाने का आदेश दिया था।

### आने वाले दिनों में हर चौराहे पर दिखेगा असर

करंट क्राइम : यातायात पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि आने वाले दिनों में कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले प्रमुख चौराहों पर निजी वाहनों से हूटर और प्रेशर हॉर्न हटाने को लेकर विधिवत अभियान चलाया जाएगा, जिसको लेकर बड़े स्तर पर कार्रवाई भी की जाएगी।

### दो दिन रहेगा ज्येष्ठ दशहरे को लेकर रूट डॉयवर्जन

गाजियाबाद, करंट क्राइम : यातायात पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की ओर से ज्येष्ठ दशहरा पर्व गंगा स्नान के चलते दो दिन का रूट डॉयवर्जन किया गया है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की असुविधा और जाम की स्थिति से बचने के लिए गाजियाबाद से गढ़मुक्तेश्वर हापुड़ की ओर जाने वाले सभी वाहनों की एंट्री 15 जून सुबह 11 से लेकर 17 जून को गंगा स्नान समाप्ति होने तक गाजियाबाद के विभिन्न इलाकों में रूट डॉयवर्जन रहेगा। एडीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र कुमार ने जानकारी दी है कि यह ट्रैफिक डायवर्जन दो दिन तक जारी रहेगा।

**भारी वाहन गाजियाबाद से गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ की ओर नहीं करेंगे प्रवेश**




### लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद जाने वालों को ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे का करना होगा प्रयोग

करंट क्राइम : पुलिस ने सभी प्रकार के भारी व्यावसायिक वाहन जिनको अमरोहा, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जाना है उनका आवागमन गाजियाबाद के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-09 से होकर हापुड़ की ओर पूरी तरीके से प्रतिबंधित रहेगा। सभी वाहन डासना गाजियाबाद से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे का प्रयोग करते हुए सिकंदराबाद, बुलंदशहर, डिबाई, नरोरा होकर अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। यातायात पुलिस ने ज्येष्ठ दशहरा पर होने वाले गंगा स्नान को देखते हुए यह डॉयवर्जन प्लान आगामी दो दिन के लिए जारी किया है ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।




## सिटी में चली तबादला एक्सप्रेस, सात टू-स्टार को मिली नई तैनाती

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी सिटी जोन के आदेश पर 13 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। इसमें सात उपनिरीक्षक ऐसे हैं जिनको नई तैनाती दी गई है। तो वहीं एक मुख्य आरक्षी और पांच आरक्षी के भी कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है।

### इनको मिली यहां तैनाती

करंट क्राइम : उपनिरीक्षक सतीश कुमार को थाना कोतवाली से वाचक



पुलिस आयुक्त नगर बनाया गया है। वहीं उप निरीक्षक कुलवंत सिंह को थाना कवि नगर से चौकी प्रभारी प्रताप विहार थाना विजयनगर पर भेजा गया है।

अर्जुन सिंह को थाना विजयनगर से चौकी प्रभारी लोहिया नगर थाना सिहानी गेट बनाया गया है। तो वहीं देवेंद्र सिंह को नगर जोन से थाना विजयनगर, सचिन कटारिया को थाना विजयनगर, श्यामवीर को थाना कोतवाली नगर, अंकित राठौर को थाना नंदग्राम भेजा गया है। वहीं मुख्य आरक्षी प्रदीप कुमार को थाना कोतवाली नगर के साथ ही अक्षय कुमार को विजयनगर थाने, राहुल कुमार को थाना नंदग्राम, धनेश कुमार को सिहानी गेट, बच्चन सिंह को कवि नगर और मुकेश कुमार को थाना मधुबन बापूधाम भेजा गया है।

## फ्लैट में सेक्स रैकेट पकड़ा, वेस्ट बंगाल के दो युवक कर रहे थे धंधा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में पुलिस ने शुक्रवार को एक फ्लैट पर छापा मारकर सेक्स रैकेट पकड़ा है। पुलिस ने यहां से तीन महिलाओं को रेस्क्यू करते हुए चार युवकों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो फ्लैट ऑनर और दो कस्टमर हैं। इन सभी के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। कार्यवाहक एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया, इंदिरापुरम पुलिस को सूचना मिली कि ज्ञानखंड-एक के एक फ्लैट में सेक्स रैकेट चल रहा है। इस सूचना पर शुक्रवार को छापा मारा गया।



मौके से फ्लैट ऑनर गौरांगो मंडल व उत्तम प्रमाणिक निवासी मालदा (पश्चिम बंगाल) व कस्टमर पीयूष जैन और नासिर अली की गिरफ्तारी हुई है। यहां से एक स्कैनर भी बरामद हुआ है, जिसमें आरोपी ऑनलाइन पैसा लेते थे। इसके अलावा फ्लैट से कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिली हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने कुबूला कि ज्यादा पैसा कमाने के लालच में वो इस फ्लैट मे सेक्स रैकेट चलवा रहे थे। पुलिस ने बताया कि मौके पर तीन महिलाएं मिली हैं, जिनसे जबरन ये काम कराया जा रहा था। इसलिए तीनों महिलाओं को पीड़ित/गवाह मानकर उनके परिजनों के सुपुर्द किया जा रहा है, ताकि उचि रिहेबिटेशन हो सके। जबकि अन्य चार पुरुषों पर थाना इंदिरापुरम में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# अब विवाह में मिलेंगे जब वर-वधू को उपहार तो बनानी होगी लिस्ट

### दहेज प्रतिषेध अधिकारी को देनी होगी मिले हुए उपहारों की जानकारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आमतौर पर विवाह तो दिलों का बंधन माना जाता है और दो परिवार भी रिश्तेदार में तब्दील होते हैं। लेकिन अब सरकार ने विवाह वाले उपहार पर अपनी निगेहबानी रख ली है। अब जब सीन निकाह के छुआरों का हो या विवाह के सात फेरों का इनमें जो भी उपहारों की लिस्ट बनेगी वह जिला प्रोबेशन अधिकार को दी जायेगी। जिला प्रोबेशन अधिकरी को दहेज प्रतिषेध अधिकरी नामित किया गया है। उपहारों की सूचना प्रस्तुत की जायेगी और चाहे ये अरेंज मैरिज हो या लव मेरिज, दोनो पक्षकारों की ओर से सूची प्रस्तुत की जायेगी।



**सभी मैरिज हॉल, बैंकट हॉल के बाहर लगेगा दहेज प्रतिषेध अधिकारी का बोर्ड** (करंट क्राइम) : जनपद के सभी मैरिज हॉल, बैंकट हॉल के बार ऐसा बोर्ड लगाया जायेगा जिसमें दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की आवश्यक जानकारी के साथ-साथ जिला प्रोबेशन अधिकार, दहेज प्रतिषेध अधिकारी का नाम पदनाम व मोबाइल नंबर अंकित हो।

### विवाह के एक महीने के अंदर देनी होगी उपहारों की सूचना

करंट क्राइम। दहेज प्रतिषेध नियमावली की धारा 10 के अनुसार विवाह में पक्षकारों द्वारा उपहारों की सूची बनायी जायेगी। किसी विवाह में पक्षकारों या माता पिता में से कोई या उनमें से किसी के द्वारा दहेत प्रतिषेध अधिकारी को विवाह की तिथि से एक महीने के भीतर वर वधू को मिले गिफ्ट की सूची प्रस्तुत की जायेगी। बड़ी बात ये है कि जनपद में होने वाले सभी विवाहों में दोनों पक्षकारों की ओर से हस्ताक्षरित सूची जिला प्रोबेशन अधिकारी जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत की जायेगी।

### दहेज सम्बन्धी शिकायत करायी जा सकती है जिला प्रोबेशन अधिकारी के पास दर्ज

करंट क्राइम। उपहारों की सूची तैयार होने के बाद वर और वधू पक्ष के हस्ताक्षर होते हैं जिसमें भविष्य में किसी वाद के दौरान कोई भी पक्ष कम या ज्यादा उपहार नहीं बता सकता है। उपहारों की सूची में दिये गये स्वर्ण आभूषण से लेकर वस्त्र और अन्य वस्तुएं हैं। यदि कोई व्यक्ति या ऐसे व्यक्ति के माता पिता या अन्य सम्बन्धी दहेज सम्बन्धी शिकायत दर्ज कराना चाहते हैं तो वो लिखित रूप में दहेज प्रतिषेध अधिकारी के समक्ष दहेज सम्बन्धी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार को जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी नामित किया गया है।

# बालेश्वर त्यागी की तरकश से फिर निकला कटु सत्य का तीर

## लिखा, कार्यकर्ता में किलिंग इंस्टिंग्ट जरूरी और इसके लिए नेतृत्व परिवर्तन आवश्यक

**करंट क्राइम, गाजियाबाद।** राजनैतिक कार्यकर्ता में एक अलग तरह का जज्बा होता है जो उसे किसी भी परिस्थिति तक जाने के लिए प्रेरित करता है। उसे सम्भवतःअंग्रेजी में किलिंग इंस्टिंग्ट कहते हैं। हिंदी में उसे मरने मारने का जज्बा कह सकते हैं। जिसमे हिंसा के भाव की प्रबलता नहीं है ,इसमें विचार के प्रति दृढ़ता और सम्मान का भाव है। इसी भाव से लोग झंडे के लिए गोली तक खा लेते हैं। साठ और सत्तर के दशक में ये जज्बा कम्युनिस्ट ,समाजवादी और जनसंघ के लोगों में पाया जाता था। इसमें विचार के प्रति सम्मान का भाव प्रबल होता है। ये जज्बा उस समय कांग्रेस के लोगों में नहीं था। सत्ता का अपना सुख होता है। साधनों की बहुलता , चापलूसों का जमघट , अधिकारिता से उत्पन्न अहंकार , हर समय दाता के भाव से भरे होने के कारण ये इंस्टिंग्ट समाप्त हो जाता है। आजादी के बाद शायद कांग्रेस में यह भाव लुप्त हो गया था।

भाजपा के दस वर्ष के शासन के बाद इस लोकसभा चुनाव में सपा के नेता और उसके कार्यकर्ताओ के एक वर्ग में विशेषतौर से जिन्होंने एक समय मे प्रदेश में सत्ता के सुख को भोगा था। उंसके चले जाने की बेचैनी ने उनमें करो या मरो का जज्बा भर दिया। कांग्रेस के कार्यकर्ता में तो नहीं लेकिन कांग्रेस के नेताओ में जरूर ,अभी नहीं तो कभी नहीं के भाव ने संघर्ष का जज्बा जगा दिया। उसी का परिणाम खासतौर से उत्तर प्रदेश में लोक सभा चुनावों में देखने को मिला है।

**राजनैतिक कार्यकर्ता में एक अलग तरह का जज्बा होता है जो उसे किसी भी परिस्थिति तक जाने के लिए प्रेरित करता है। उसे सम्भवतः अंग्रेजी में किलिंग इंस्टिंग्ट कहते हैं। हिंदी में उसे मरने मारने का जज्बा कह सकते हैं जिसमे हिंसा के भाव की प्रबलता नहीं है, इसमें विचार के प्रति दृढ़ता और सम्मान का भाव है।**



**सत्ता का सम्भवतः स्वभाव ही होता है कि उसमें उपभोग का भाव प्रबल हो जाता है। अवसर को भुनाने की प्रवृति तीव्र हो जाती है। इसलिए किलिंग इंस्टिंग्ट सो जाता है।**

दस वर्ष के सत्ता सुख ने भाजपा कार्यकर्ता को इतना आनन्दित और आत्मकेंद्रित बना दिया कि उसे सपा और कांग्रेस के प्रयासों को देखने की दृष्टि ही चली गई। मोदी योगी को वोट दिलाने की मशीन समझ कर सारी व्यवस्थाओं का संचालन कॉरपोरेट स्टाइल में होता रहा। ऑन लाइन मीटिंग ,निर्देश और आदेश सभी समय से जारी तो हुए लेकिन कार्यकर्ता की आंख में देख कर चुनौतियों को स्वीकार करने के सपने उसकी आँखों मे विकसित नहीं हुए क्योंकि ऑनलाइन में तो आँखें मिलती ही नहीं हैं ।

सत्ता का सम्भवतः स्वभाव ही होता है कि उसमें उपभोग का भाव प्रबल हो जाता है। अवसर को भुनाने की प्रवृति तीव्र हो जाती है। इसलिए किलिंग इंस्टिंग्ट सो जाता है। भाजपा के लिए ये सुखद है कि उसके कार्यकर्ता में देश भक्ति उस सुप्त अवस्था मे गए किलिंग इंस्टिंग्ट को पुनः जाग्रत होते देर नहीं लगेगी। लेकिन इसके लिए नेतृत्व परिवर्तन आवश्यक है। जन नेता सदैव मैनेजर से सबल और सशक्त होता है।

## संपादकीय

# कुवैत में मजदूरों की जीवन दशा बेहद खराब

कुवैत अग्निकांड के बाद खाड़ी देशों में काम कर रहे भारतीय मजदूरों की बदहाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मध्य पूर्व के इस देश में रोजगार की तलाश में गए 40 से अधिक भारतीय मजदूरों की मौत की घटना स्तब्ध करने वाली है। अग्निकांड के बाद भारत एवं कुवैत सरकार की तमाम एजंसियां सक्रिय हो गई हैं, लेकिन यह कतई नहीं भूलना चाहिए कि वहां मजदूरों की जीवन दशा बेहद खराब है और इस बारे में अक्सर सवाल उठते रहे हैं, जिन्हें अनसुना किया जाता रहा है। विदेश मंत्रालय के आंकड़े हैं कि खाड़ी देशों में स्थित भारतीय दूतावासों में मजदूरों की 48095 शिकायतें मिलीं, जिनमें सबसे ज्यादा कुवैत में ही 23020 शिकायतें प्राप्त हुई। इन शिकायतों पर क्या कदम उठाए गए, इस बारे में तथ्य उपलब्ध नहीं हैं। यह साफ है कि कुवैत में मजदूरों के लिए हालात अच्छे नहीं हैं। वहां पर खराब स्थिति और कम संसाधनों के बीच उन्हें रहने को मजबूर किया जाता है। जबकि, कुवैत की अर्थव्यवस्था जो इस समय आगे बढ़ रही है, उसमें भारतीयों की भूमिका सबसे ज्यादा है। आरोप तो यहां तक लगते हैं कि कुवैत के स्थानीय लोग भारतीय मजदूरों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते। नियोक्ता तय वेतन से कम भुगतान करते हैं। सुविधाएं ना के बराबर हैं। एक-एक कमरे में 15 से 20 मजदूरों को ठूंस कर रखा जाता है। मंगफ क्षेत्र की जिस इमारत में आग लगी, उसकी सुरक्षा और सरकारी प्राधिकारों की अनुमति को लेकर भी सवाल उठे हैं। वहां जांच बिठा दी गई है।

अहम सवाल यह है कि व्यवस्था में सुधार को लेकर कोई पहल पहले क्यों नहीं दिखी। सवाल यह भी उठता है कि बदहाली के बावजूद कुवैत समेत खाड़ी देशों में मजदूरों की संख्या क्यों बढ़ रही है। एक रपट के मुताबिक, एक भारतीय मजदूर वहां चालीस से पचास हजार रुपए हर महीने कमा लेता है। जाहिर है, कुवैत में ज्यादा कमाई का लालच तो है ही। विदेश मंत्रालय के मुताबिक वर्ष 1990-91 के खाड़ी युद्ध में कुवैत में भारतीय समुदाय पर बड़ा प्रभाव पड़ा। भारतीयों का बड़े पैमाने पर पलायन हुआ। 1.7 लाख से ज्यादा भारतीयों ने देश छोड़ा। लेकिन इसके बाद ज्यादा कमाई के लालच में वहां संख्या बढ़ी। साथ ही, वहां की कंपनियों का सस्ते श्रम का लालच भी बढ़ा। कुवैत में कई बार दुर्व्यवहार और धोखाधड़ी के मामले आए हैं। शोषण की शिकायतें इतनी ज्यादा मिलने लगी हैं कि भारतीय दूतावास में एक शिकायत निपटान केंद्र खोलना पड़ा। वहां अधिकतर मजदूर केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार से जाते हैं और उनके अनुभव आमतौर पर ठीक नहीं होते।

मंगफ हादसे में मरे मजदूरों के बारे में ऐसी भी जानकारियां सामने आई हैं कि उनमें से कई को पर्यटक वीजा पर ले जाया गया। अब कुवैत सरकार ऐसे मजदूरों को अवैध मजदूर के तौर पर चिह्नित करने में जुटी है। पर्यटक वीजा पर भेजे गए मजदूरों का कोई रेकार्ड न तो दूतावास में होता है और न ही भारत सरकार के पास। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि भारत सरकार उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का गठन करके अपनी ओर से भी जांच बिठाएं।

# शेयर बाजार में तेजी का ट्रेंड, नया ऑल टाइम हाई लगाकर 23,465 पर बंद हुआ निफ्टी

**नई दिल्ली ।** भारतीय शेयर बाजार के मुख्य सूचकांकों में शुक्रवार को कारोबार एक सीमित दायरे में हुआ। दिन के दौरान निफ्टी ने 23,490 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। सेंसेक्स 181 अंक या 0.24 प्रतिशत बढ़कर 76,992 पर और निफ्टी 66 अंक या 0.29 प्रतिशत बढ़कर 23,465 पर बंद हुआ। बैंक निफ्टी ने भी शुक्रवार को एक सीमित दायरे में कारोबार किया और यह 155 अंक या 0.31 प्रतिशत बढ़कर 50,002 पर बंद हुआ।

सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो इंडेक्स 1.20 प्रतिशत की तेजी के साथ टॉप गेनर था। पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, मेटल और इन्फ्रा करीब आधा प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए हैं। केवल आईटी इंडेक्स ही 0.9 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स पैक में एमएंडएम, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस, अल्ट्राटेक सीमेंट,



बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, सनफार्मा और टाटा स्टील टॉप गेनर्स थे। टेक महिंद्रा, टीसीएस, विप्रो, एचसीएल टेक, एलएंडटी और एसबीआई टॉप लूजर्स थे।

मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में अपट्रेंड बना हुआ है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 573 अंक या 1.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 55,225 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 135 अंक या 0.76 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,043 अंक पर बंद हुआ। एलकेपी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ टेक्निकल और डेरिवेटिव एनालिस्ट कुणाल शाह का कहना है कि बैंक निफ्टी 50,000 के स्तर को तोड़ने में कामयाब नहीं हुआ।

इसे आगे बढ़ने के लिए 50,200 के लेवल के ऊपर टिकना काफी जरूरी है। अगर ऐसा होता है तो ये 51,000 तक जा सकता है। 49,500 से लेकर 49,400 का स्तर एक मजबूत सपोर्ट के रूप में बना हुआ है।

# मई में थोक महंगाई दर 15 महीने के उच्च स्तर 2.61% पर पहुंची



**नई दिल्ली।** मई महीने में खाने-पीने के चीजों की बढ़ती कीमतों के कारण थोक महंगाई दर 15 महीने के उच्च स्तर 2.61 प्रतिशत पर पहुंच गई। थोक खाद्य मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल में 5.5 प्रतिशत और मई 2023 में 4.82 प्रतिशत थी। मई में देश की थोक महंगाई दर 15 महीने के उच्च स्तर 2.61% पर पहुंच गई। अप्रैल महीने में यह 1.26 फीसदी थी। थोक खाद्य मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल में 5.5 प्रतिशत और मई 2023 में 4.82 प्रतिशत थी। मई में मासिक आधार पर थोक कीमतों में 0.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। खाद्य वस्तुओं विशेषकर सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं के दाम बढ़ने से थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61 प्रतिशत पर पहुंच गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति इससे पिछले महीने 1.26 प्रतिशत थी। मई 2023 में यह (-) 3.61 प्रतिशत थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, ₹मई, 2024 में मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खाद्य उत्पादों के निर्माण, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, खनिज तेलों, अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति मई में 9.82 प्रतिशत बढ़ी जबकि अप्रैल में यह 7.74 प्रतिशत थी। सब्जियों की मुद्रास्फीति मई में 32.42 प्रतिशत रही जो इससे पूर्व महीने में 23.60 प्रतिशत थी।

# भेल को अदाणी समूह की कंपनी से मिला 7000 करोड़ रुपये का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भेल को अदाणी समूह से 7,000 करोड़ रुपये मूल्य के दो बिजली संयंत्रों के ठेके मिले हैं। भेल ने एक बयान में बताया है कि छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में स्थापित किए जा रहे 2800 मेगावाट रायपुर सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए पहला ऑर्डर अदाणी पावर लिमिटेड से प्राप्त हुआ है। दूसरा ऑर्डर उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर जिले में स्थापित किए जा रहे 2800 मेगावाट के मिजार्पुर सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए एमटीयूपीपीएल (अदाणी पावर लिमिटेड की सहायक कंपनी) से प्राप्त हुआ है। दोनों परियोजनाओं के लिए बीएचईएल के जिम्मे मुख्य संयंत्र उपकरण और संबंधित सहायक उपकरणों के निर्माण और आपूर्ति के साथ-साथ निर्माण और कमीशनिंग की निगरानी भी शामिल है। भाप जनरेटर, भाप टरबाइन और जनरेटर सहित परियोजनाओं के लिए प्रमुख उपकरण कंपनी के त्रिची और हरिद्वार संयंत्रों में निर्मित किए जाएंगे।

# 2024 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भारत ही रहेगा सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था : मूडीज




**नई दिल्ली।** भारत 2024 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज की ओर से ताजा रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि घरेलू स्तर पर मांग बनी रहने, नीतियों में निरंतरता जारी रहने, इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और निजी सेक्टर के निवेश को प्रोत्साहन मिलना अर्थव्यवस्था में तेजी की वजह है। 'क्रेडिट कंडीशंन्स- एशिया-पैसिफिक एच2 2024 क्रेडिट आउटलुक' रिपोर्ट हाल में जारी की गई थी। इसमें मूडीज ने कहा कि 2024 की पहली छमाही में इंडोनेशिया, फिलीपींस और भारत वृद्धि दर में अग्रणी रहेंगे। मूडीज का कहना है कि कॉरपोरेट आय अच्छी होने के कारण भारत और आसियान अर्थव्यवस्थाओं में अधिक पोर्टफोलियो निवेश आएगा। मई में मूडीज ने अनुमान जताया था कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू कैलेंडर वर्ष में 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। वहीं, 2025 में यह दर 6.5 प्रतिशत रह सकती है। इसकी वजह लोकसभा चुनाव के बाद नीतियों में निरंतरता जारी रहना है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत की रियल जीडीपी ग्रोथ वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत रही है, जबकि दुनिया में सबसे तेज थी। आरबीआई की ओर से जीडीपी विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है, जो कि पहले 7 प्रतिशत था। केंद्रीय बैंक द्वारा जीडीपी वृद्धि अनुमान बढ़ाने की वजह सामान्य से अच्छा मानसून होना है।

# मस्क के भारी-भरकम वेतन पैकेज को टेस्ला बोर्ड की मंजूरी

## हर घंटे मिलने हैं करीब 53 करोड़

**नई दिल्ली।** सैलरी पैकेज पर सवाल उठाने के बाद मस्क ने टेस्ला के साथ अपने भविष्य पर संदेह व्यक्त किया था। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया था कि एआई डेललपमेंट को गलत दिशा में ले जाने से रोकने के लिए उन्होंने कंपनी में 25% हिस्सेदारी मांगी है। अब बोर्ड ने उनके सैलरी पैकेज को अपनी मंजूरी देकर अटकलों पर विराम लगा दिया है। एलन मस्क के भारी-भरकम सैलरी पैकेज को टेस्ला के शेयरधारकों ने अपनी मंजूरी दी है। इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता के सीईओ का वेतन पैकेज मौजूदा रूपांतरण दर पर करीब 56 बिलियन डॉलर यानी लगभग 4,67,880 करोड़ रुपये का है। अगर यह वेतन उन्हें दिया जाता है तो उन्हें हर घंटे के लिए करीब 53 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा।

इस मंजूरी को इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता कंपनी की बोर्ड के ओर से मस्क के नेतृत्व को मजबूत समर्थन देने के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, बोर्ड से मंजूरी मिलने के बावजूद मस्क को फिलहाल इस वेतन पैकज के लिए इंतजार करना पड़ेगा।

अदालती दिक्कतों के कारण



अभी मस्क को करना होगा इंतजार

आशंका है कि पैकेज संभवतः महीनों तक डेलावेयर चांसरी कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में कानूनी कार्यवाही में उलझा रहेगा। टेस्ला डेलावेयर न्यायाधीश की ओर से इस पैकेज के खिलाफ दिए गए आदेश को बदलवाने की कोशिश कर रही है। जनवरी में अदालत ने मस्क के वेतन पैकेज को खारिज करते हुए इसे अविश्वसनीय कहा था। कोर्ट से अपने पक्ष में फैसला हासिल करने के बाद ही मस्क इस भारी-भरकम पैकेज को हासिल कर पाएंगे। जनवरी में इस वेतन पैकेज पर उठे विवाद के बाद मस्क ने टेस्ला के साथ अपने भविष्य पर संदेह व्यक्त किया था। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया था।

## राशिफल

**मेष:** उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आलस्य की अधिकता रहेगी।

**वृष:** परिश्रम की अधिकता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन :स्थिति रहेगी। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**मिथुन:** नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। संयत रहें। वाणी में सौम्यता रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

**कर्क:** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति से परेशान रहेंगे। आशा-निराशा के भाव मन में रहेंगे। किसी मित्र के सहयोग आय के साधन बन सकते हैं।

**सिंह:** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मानसिक शान्ति रहेगी। माता के सहयोग से धन प्राप्ति के योग हैं। नौकरी के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

**कन्या:** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। माता का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** कारोबार में मित्रों का सहयोग मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। माता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक:** भाइयों के सहयोग से लाभ के मौके मिलेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में इच्छाविरुद्ध कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**धनु:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। तनाव से बचें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सुधार आयेगा।

**मकर:** कार्यक्षेत्र में अनुकूल स्थिति रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन में शान्ति और प्रसन्नता रहेगी। कार्यक्षेत्र की स्थिति में सुधार होगा।

**कुंभ:** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुखद समाचार मिलेंगे। मन अशान्त रहेगा। मन में नकारात्कता विचारों से बचें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन:** खर्च अधिक रहेंगे। रहन-सहन में असहज हो सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। क्रोध अतिरेक से बचें। किसी मित्र का आगमन हो सकता है।

## चुटकुले

ट्रेन में दो यात्री बात कर रहे थे
पहला - व्हाट्सएप इंसान को हमेशा आगे बढ़ाता है।
दूसरा - वो कैसे?
पहला - अब मुझे ही देखिए, दो स्टेशन पीछे उतरना था, लेकिन मैं तो आगे आ गया।

---

बेटा (पापा से) - कार की चाबी दो, कॉलेज जाना है फंक्शन है।
पापा - क्यों?
बेटा - 10 लाख की गाड़ी में जाऊंगा तो शान बढ़ेगी।
पापा - ये ले 10 रुपए, 30 लाख की बस में जायेगा, तो ज्यादा शान बढ़ेगी।

---

टिंकू- अगर आपकी प्रेमिका खूबसूरत, समझदार, ध्यान रखने वाली, कभी न जलने वाली और अच्छा खाना बनाने वाली हो तो उसे आप क्या नाम देंगे?
पिंकू- दुनिया की सबसे बड़ी अफवाह!

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर पाये जाते हैं।
- दुनिया के अधिकतर लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट के भीतर ही सो जाते हैं।
- आप जिससे प्यार करते हैं उसके बगल में सोने से न केवन अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढ़ती है, आपको नींद अच्छी और गहरी आती है।
- क्या आप जानते है कि, भारत ने 100000 वर्षो में एक बार भी किसी के ऊपर पहले आक्रमण नहीं किया है।
- नाक पकड़ें कहीं गर्म तो नहीं हैं, क्या कहा गर्म है, यानी आप झूठ बोलते हैं, झूठ बोलने में पीएचडी किए हो क्या।
- हीरे की खुदाई सबसे पहले हमारे भारत देश में ही हुआ था।
- आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि औसतन कोई भी इंसान 1 साल में 50 लाख बार सांस लेता है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- इंसान एक दिन में आधे घंटे सोने के बराबर पलके झपकाता है।
- इटली के अधिकतर लोग नए साल पर लाल रंग का अंडरवियर पहनते हैं, वो इसे लकी मानते हैं।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# टी20 विश्व कप के सुपर-8 में पहुंचा अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड हुआ बाहर



**टरूबा (त्रिनिदाद)।** टी20 विश्व कप के सुपर-8 में अफगानिस्तान ने क्वालीफाई कर लिया है।अफगानिस्तान ने शुक्रवार को ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम में पापुआ न्यू गिनी को सात विकेट से हराकर टूर्नामेंट में जीत की हैट्रिक भी लगाई। अफगानिस्तान की यह जीत न्यूजीलैंड के लिए बड़ा झटका है। सुपर-8 में पहुंचने का कीवी टीम का इरादा पूरा नहीं हो पाया। न्यूजीलैंड ग्रुप-सी में दो मैचों में दो हार के साथ सबसे नीचे है। अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज ने ग्रुप में तीनों मुकाबले जीत लिए। वहीं, न्यूजीलैंड को लगातार हार मिली और टीम टूर्नामेंट की रेस से बाहर हो गई है। इस मुकाबले की बात करें तो टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ गेंदबाजी करने का फैसला किया। पापुआ न्यू गिनी 19.5 ओवर में 95 रन पर ऑल आउट हो गई जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज किपलिन डोरिगा ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 27 रन बनाए। जवाब में गुलबदीन की 49 रन की पारी के दम पर अफगानिस्तान ने 15.1 ओवर में 3 विकेट खोकर 96 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। हालांकि, 96 रनों का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरूआत खराब रही। टीम ने पहले तीन ओवरों में ही सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान का विकेट खो दिया और पावरप्ले 39/2 पर समाप्त हुआ। तीसरे स्थान पर आए गुलबदीन ने पारी को संभाला। हालांकि, अफगानिस्तान ने इसके बाद भी विकेट गंवाए लेकिन गुलबदीन क्रीज पर डटे रहे। एक जुझारू पारी खेलते हुए नाइब ने सिक्स लगाकर अफगानिस्तान को जीत दिलाई।

# फ्लोरिडा में टीम इंडिया का अभ्यास सत्र रद्द

**फ्लोरिडा।** भारतीय टीम का 14 जून को फ्लोरिडा में होने वाला अभ्यास सत्र बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। टीम इंडिया शनिवार को लॉडरहिल के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में कनाडा से भिड़ेगी। रोहित शर्मा एंड कंपनी ने अब तक 2024 टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण में अपने सभी मैच जीते हैं। टीम इंडिया ने अपने शुरूआती मैच में आयरलैंड को आठ विकेट से हराया था और फिर कम स्कोर वाले थ्रिलर में पाकिस्तान को छह रन से हराया। भारत ने न्यूयार्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अमेरिका को सात विकेट से हराकर सुपर-8 में जगह बनाई थी। मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी बात सामने आई है कि शुभमन गिल और आवेश खान कनाडा के खिलाफ भारत के आखिरी ग्रुप मैच के बाद टीम का साथ छोड़ देंगे। दोनों को रिलीज किया जाएगा और दोनों भारत लौट आएंगे। ये दोनों रिजर्व का हिस्सा बनकर अमेरिका गए हैं। वहीं, दो और अन्य रिजर्व खिलाड़ी खलील अहमद और रिंकू सिंह टीम के साथ बने रहेंगे। फ्लोरिडा के फोर्ट लॉडरडेल में स्थित लॉडरहिल में इस हफ्ते के बाकी दिनों में भारी बारिश की संभावना है। इसी हफ्ते भारत, पाकिस्तान, अमेरिका, आयरलैंड और कनाडा को अपने-अपने मुकाबले फ्लोरिडा में खेलने हैं। श्रीलंका और नेपाल के बीच लॉडरहिल में 12 जून को मैच बिना एक भी गेंद फेंके रद्द करना पड़ा था। लॉडरहिल में ही मेजबान अमेरिका शुक्रवार को आयरलैंड के खिलाफ उतरेगा।

पाकिस्तान को भी रविवार को इसी मैदान पर आयरलैंड से भिड़ना है। लॉडरहिल मियामी के उत्तर में एक घंटे की दूरी पर है। फिलहाल फ्लोरिडा में बाढ़ जैसी स्थिति ने स्थानीय लोगों के लिए कहर बरपाया है। वहीं, बारिश की वजह से वहां फिलहाल मैच होना असंभव दिख रहा है। लॉडरहिल में ड्रेनेज की खास सुविधा नहीं होने के कारण मैदानकर्मियों को मैदान में सुखाने में भी काफी मेहनत करनी पड़ेगी। अगर आज अमेरिका और आयरलैंड के बीच मैच रद्द होता है तो पाकिस्तान के लिए अभियान का अंत आज ही हो सकता है।

# इंग्लैंड का दमदार कमबैक, ओमान को हराकर नेट रन रेट में भारी बढ़त हासिल की



**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** टी20 विश्व कप 2024 में इंग्लैंड ने शानदार वापसी की है। गुरुवार रात सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में इंग्लिश टीम ने ओमान पर 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की और टीम सुपर-8 की दौर में बनी हुई है।

इंग्लैंड ने ओमान को 47 रन पर ढेर कर दिया और 3.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। यह टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में चौथा सबसे कम टीम स्कोर रहा। इस जीत की मदद से इंग्लैंड ने ग्रुप बी में नेट रन रेट में भारी बढ़त हासिल कर ली। पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण ने ओमान की बैटिंग लाइन अप को तहस-नहस कर दिया। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर ने तीन-तीन विकेट लिए। स्पिनर आदिल राशिद ने अपने चार ओवर में 11 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड ने 12 रन देकर तीन-तीन विकेट लिए।

इसी मैच में आर्चर ने अपना 50वां टी20 अंतर्राष्ट्रीय विकेट भी हासिल किया। इंग्लैंड ने 48 रन के लक्ष्य को जल्दी ही हासिल कर लिया। फिल साल्ट ने पहली दो गेंदों पर छक्का जड़ा, लेकिन तीसरी गेंद पर आउट हो गए। जोस बटलर (8 गेंदों पर नाबाद 24 रन) और जॉनी बेयरस्टो (2 गेंदों पर नाबाद 8 रन) ने विल जैक्स के 5 रन पर आउट होने के बाद यह लक्ष्य आसानी से हासिल किया।

इंग्लैंड के पास अब ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर मौजूद स्कॉटलैंड (+2.164) की तुलना में बेहतर नेट रन रेट (+3.081) है, इसलिए अगर वे नामीबिया को हरा देते हैं और स्कॉटलैंड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक भी अंक हासिल करने में विफल रहता है, तो वे सुपर 8 के लिए क्वालीफाई कर लेंगे।

# नीदरलैंड को हराकर सुपर 8 की दहलीज पर बांग्लादेश

**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)।** शाकिब अल हसन की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत बांग्लादेश ने गुरुवार को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मुकाबले में नीदरलैंड को 25 रन से हराकर सुपर 8 चरण के क्वालीफिकेशन की दहलीज पर कदम रख दिया है।



इस जीत के साथ बांग्लादेश अगले दौर में प्रवेश करने के बिल्कुल करीब पहुंच गई है। हालांकि नीदरलैंड के लिए भी उम्मीदें अभी समाप्त नहीं हुई हैं, लेकिन इस मैच के नतीजे ने श्रीलंका को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है। बांग्लादेश की इस जीत के दो बड़े हीरो रहे। शाकिब अल हसन का बल्ला सबसे अहम मौके पर बोला। बांग्लादेश ने पावरप्ले में ही दो विकेट गंवा दिए थे, लेकिन शाकिब अंत तक डटे रहे और उनकी 64 रनों की नाबाद पारी की बदौलत बांग्लादेश की टीम ने 20 ओवर में 159 का स्कोर खड़ा कर लिया।

बांग्लादेश ने लक्ष्य का बचाव किया, जिसमें रिशाद हुसैन ने (3-33) और तस्कीन अहमद ने (2-30) शानदार गेंदबाजी की। नीदरलैंड की टीम 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 132 रन ही बना सकी।

बांग्लादेश के खाते में अब ग्रुप-डी में तीन मैचों में चार अंक हैं और उसका अंतिम मैच नेपाल से है। वहीं नीदरलैंड के पास तीन मैच में दो अंक हैं और उसे श्रीलंका के खिलाफ अपना अंतिम लीग मैच खेलना है। ग्रुप डी से अभी भी सिर्फ दक्षिण अफ्रीका ने ही अगले दौर में प्रवेश किया है।

नीदरलैंड को अगर अगले दौर में जाना है तो उसे यह उम्मीद करनी होगी कि नेपाल बांग्लादेश को हरा दे और उसे श्रीलंका के विरुद्ध अच्छे अंतर से भी जीत हासिल हो। हालांकि अगर बांग्लादेश और नेपाल का मैच किसी कारण बेनतीजा रहता है तब बांग्लादेश को अगले दौर में सीधा प्रवेश मिल जाएगा।

# कनाडा के खिलाफ मैच के बाद भारत लौट सकते हैं शुभमन, आवेश



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के रिजर्व खिलाड़ी शुभमन गिल और आवेश खान कनाडा के खिलाफ मैच के बाद मौजूदा टी20 विश्व कप से टीम का साथ छोड़ भारत लौट आएंगे। टीम इंडिया में बैकअप के तौर पर दोनों खिलाड़ी टीम के बाकी सदस्यों के साथ फ्लोरिडा गए। गिल और आवेश उन चार सदस्यीय रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल थे। वहीं, दो और अन्य रिजर्व खिलाड़ी खलील अहमद और रिंकू सिंह टीम के साथ बने रहेंगे। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, गिल और आवेश दोनों खिलाड़ियों का साथ टीम इंडिया के साथ केवल यूएस लेग तक ही था। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ग्रुप चरण में लगातार तीन मैच जीतकर टूर्नामेंट के सुपर आठ चरण में पहुंच गई। यूएस लेग के अपने आखिरी मैच में भारत शनिवार को फ्लोरिडा के फोर्ट लॉडरडेल में कनाडा से भिड़ेगा। भारत ने आयरलैंड, पाकिस्तान और यूएसए को हराकर अब तक टूर्नामेंट में ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया है। फ्लोरिडा में खराब मौसम की स्थिति भारत की जीत की लय में खलल डाल सकती है। फिलहाल फ्लोरिडा में बाढ़ जैसी स्थिति ने स्थानीय लोगों के लिए कहर बरपाया है। माना जा रहा है कि टी20 विश्व कप के कुछ और मैच भी इससे प्रभावित हो सकते हैं। जानकारी के अनुसार, रिंकू और खलील टीम के साथ रहेंगे और ब्रिजटाउन, बारबाडोस जाएंगे जहां भारत 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ अपना पहला सुपर आठ मैच खेलेगा। अन्य दो सुपर आठ मैच 22 जून को एंटीगा और 24 जून को सेंट लूसिया में होंगे।

# टीम के शानदार प्रदर्शन के पीछे घरेलू और फ्रेंचाइजी क्रिकेट का अहम योगदान : राशिद खान

**टरूबा (त्रिनिदाद)।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने अपने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन का क्रेडिट घरेलू और फ्रेंचाइजी क्रिकेट के अनुभव को दिया है। अफगानिस्तान ने ग्रुप चरण में लगातार तीन जीत दर्ज की और सह-मेजबान वेस्टइंडीज के बाद ग्रुप सी से टूर्नामेंट के अगले दौर में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई। उन्होंने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज करने के बाद अपने खिलाड़ियों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनके पास अलग-अलग परिस्थितियों में ढलने का कौशल है। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और पीएनजी को 19.5 ओवर में 95 रन पर ढेर कर दिया। तेज गेंदबाज फजल हक फारूकी ने तीन विकेट लिए, जबकि नवीन-उल-हक ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुलबदीन ने नाबाद 49 रन बनाए और 29 गेंदें शेष रहते अपनी टीम को जीत दिलाई। राशिद ने मैच के बाद कहा, सलामी बल्लेबाजों ने पिछले दो मैचों में हमें अच्छी शुरूआत दी है। दूसरों के लिए मैदान पर कुछ समय बिताने का अच्छा मौका था। यहां आने से पहले हमने घरेलू प्रतियोगिता खेली थी और सभी फॉर्म में हैं। यही फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने की खूबसूरती है क्योंकि आप परिस्थितियों को जानते हैं, उनमें से कुछ सेंट लूसिया में खेल चुके हैं और जानते हैं कि पिच कैसी होगी। हर किसी के पास किसी भी परिस्थिति में खुद को ढालने का कौशल है और उम्मीद है कि हम आगे भी जीतेंगे। सुपर आठ चरण में आगे बढ़ने के बाद, स्टार स्पिनर ने कहा कि परिणाम मैदान पर खिलाड़ियों के टीम वर्क को दशार्ता है। राशिद ने कहा, अगले दौर के लिए क्वालीफाई करके बहुत अच्छा लग रहा है। पहले मैच से ही लड़कों ने शानदार प्रदर्शन किया है। वे जानते हैं कि उन्हें क्या करना है और उन्होंने शानदार तरीके से इसे अंजाम दिया है, जिससे मेरे लिए चीजें आसान हो गई हैं। गुरबाज जैसा खिलाड़ी होना जरूरी है जो खतरनाक गेंदबाजी का सामना करे या फिर फारूकी जैसा बॉलर जो पावरप्ले में विकेट चटकाए। अगर बल्लेबाज आक्रामक है तो गेंदबाज के तौर पर आपको भी आक्रामक होना होगा। खास तौर पर तब जब पिचें आपकी मदद कर रही हों। अफगानिस्तान 17 जून को टरूबा में अपने अंतिम ग्रुप चरण के मुकाबले में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा।



# पानी की निकासी को लेकर हुई मारपीट, छह गिरफ्तार

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव नेकपुर में नाली में पानी निकासी को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले व पत्थरबाजी हुई। पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। गांव नेकपुर निवासी मोहम्मद चांद व इस्तकार का मकान आसपास है। दोनों में नाली में पानी की निकासी को लेकर विवाद चल रहा है। गुरुवार रात को इसी बात को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए। देखते ही देखते बात इतनी बिगड़ी कि दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और जमकर लाठी डंडे चले व पत्थरबाजी हुई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चांद मोहम्मद ,साबिर ,वसीम व इस्तकार ,शहनवाज ,मोमीन को गिरफ्तार कर शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया। इसके अलावा पुलिस ने कलवा निवासी आदर्श कॉलोनी ,राजू निवासी व्यापारीयान कॉलोनी व इमरान निवासी व्यापारीयान कमेला को भी गिरफ्तार शांतिभंग की धाराओं मे चालान किया है।

# मनीषा की युवाओं को सलाह, बोलीं- कड़ी मेहनत के अलावा कोई विकल्प नहीं



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम की स्टार मनीषा कल्याण जब भी फुटबॉल के मैदान पर अपने देश या क्लब का प्रतिनिधित्व नहीं कर रही होती हैं, तो उस समय उनका ध्यान युवा लड़कियों को फुटबॉल खेलने के लिए प्रोत्साहित करने पर होता है। मनीषा ने युवा महिला फुटबॉलरों को कुछ सलाह दी, जो इस खेल को अपनाना चाहती हैं। उन्होंने एआईएफएफ वेबसाइट के हवाले से कहा, अगर कोई मुझे खेलते हुए देख रहा है और खेल को जुनून के साथ फॉलो कर रहा है, तो मेरी सलाह है कि वे मेहनत करें। उन्हें एक बात याद रखनी चाहिए कि निरंतरता ही सफलता की कुंजी है। इसके लिए आपको कड़ी मेहनत करने की जरूरत है, अन्य कोई विकल्प नहीं है। विंगर ने यूनाइटेड नेशंस इंडिया, किंगडम ऑफ बेल्जियम और किंगडम ऑफ नीदरलैंड के एंबेसी और ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के साथ मिलकर स्लम सॉकर और सेक्विन इंडिया की युवा महिला फुटबॉलरों को एक फ्रेंडली मैच के जरिए एक साथ मैदान पर उतारा, ताकि फुटबॉल में महिलाओं के लिए जागरूकता बढ़ाई जा सके। भारतीय राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम की एक महत्वपूर्ण सदस्य मनीषा ने कहा कि युवा खिलाड़ियों को ऐसे आयोजनों के माध्यम से खुद को साबित करने का मौका मिलता है। मनीषा ने कहा, इन मैचों के जरिए लड़कियों को अपना हुनर दिखाने और लोगों की नजरों में आने में मदद मिलेगी। उन्हें फुटबॉल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और वे बेहतर खेलने के लिए कड़ी मेहनत करेंगी। 'वीमेन इन स्पोर्ट्स: बाधाओं को तोड़ रही हैं' शीर्षक से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मनीषा ने कहा कि युवा लड़कियों को इस खूबसूरत खेल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह के और भी आयोजन किए जाने चाहिए। उन्होंने आगे कहा, इस तरह के आयोजन नियमित रूप से होते रहना जरूरी है। आप कई युवा खिलाड़ियों को उत्साही चेहरों के साथ देख सकते हैं। उन्हें एक मंच मिल रहा है और बहुत से लोग उनकी सराहना कर रहे हैं। मनीषा ने अपनी बात खत्म करते हुए हंसते हुए कहा, मुझे खुशी है कि वे भारतीय फुटबॉल के बारे में बहुत कुछ जानती हैं; उनमें से कुछ मेरे साथ फोटो खिंचवाना चाहती थीं।

# हॉकी इंडिया लीग के लिए खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन शुरू

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) ने आगामी संस्करण के लिए खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है, जो इस साल के अंत में आठ साल के लंबे अंतराल के बाद वापसी कर रही है। हॉकी इंडिया लीग के 2024-2025 संस्करण में आठ पुरुष और छह महिला टीमें शामिल होंगी।

हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा गया है, खेल के इतिहास में यह पहली बार है कि अलग से महिला हॉकी इंडिया लीग आयोजित की जाएगी, जो महिला हॉकी को बढ़ावा देने और इसके बाद भारत में महिला हॉकी खिलाड़ियों की प्रतिभा को बढ़ाने के हॉकी इंडिया के दृष्टिकोण को दिखाता है। हॉकी इंडिया ने टॉप-15 हॉकी खेलने वाले देशों के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को रजिस्ट्रेशन करने के लिए आमंत्रित किया है। यह आयोजन दिसंबर 2024 के आखिरी सप्ताह से फरवरी 2025 के पहले सप्ताह के बीच होगा। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा, हम हॉकी इंडिया लीग 2024-2025 संस्करण के लिए खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन शुरू करने से बहुत खुश हैं।

यह कदम दिखाता है कि हम एचआईएल को फिर से शुरू करने के करीब हैं, एक ऐसी लीग जिसे दुनिया भर के हॉकी खिलाड़ी और प्रशंसक पसंद करते हैं। हमें विश्वास है कि उभरते भारतीय हॉकी खिलाड़ी दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ और उनके खिलाफ खेलने का मौका जरूर पाएंगे।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी कहा, हॉकी इंडिया लीग ने भारतीय हॉकी टीमों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

यह बहुत खुशी और गर्व की बात है कि हम इसे फिर से शुरू करने के कगार पर हैं। यह लीग युवा खिलाड़ियों के स्तर को बेहतर बनाने और पूरे देश में हॉकी की संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद करेगी। हम भारत और विदेशों से ढेर सारे आवेदन प्राप्त करने की उम्मीद करते हैं।

# आईपीएल में मौका नहीं मिलने पर मैंने कड़ी मेहनत की : फारूकी

**टरूबा (त्रिनिदाद)।** अफगानिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने कहा है कि टी20 विश्व कप में उनका शानदार प्रदर्शन आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में रहने के दौरान अपने कौशल को बेहतर बनाने पर काम करने के कारण आया। हालांकि उन्हें आईपीएल में मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। अफगानिस्तान के लिए टी20 विश्व कप 2024 का सफर अब तक शानदार रहा है। इस टीम ने सुपर-8 में क्वालीफाई कर लिया है। वैसे तो पूरी टीम ने दमदार प्रदर्शन किया लेकिन इस बार अफगानी गेंदबाजों ने टूर्नामेंट में खूब तहलका मचाया। इनमें सबसे दमदार प्रदर्शन फजलहक फारूकी का रहा। वो 3.50 की औसत और 3.70 की इकॉनमी से तीन मैचों में 12 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में टॉप पर हैं। सबसे हालिया प्रदर्शन पापुआ न्यू गिनी पर सात विकेट की जीत में (3-16) उनका प्रदर्शन दमदार रहा।



मैच के बाद फजलहक फारूकी ने कहा, मुझे आईपीएल में खेलने का कोई मौका नहीं मिला, लेकिन मैं अपने कौशल पर काम कर रहा था, ताकि अफगानिस्तान के लिए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अपनी परफॉर्मेंस में सुधार कर सकूं। मेरे लिए, मेरी मानसिकता सरल है। मैं बस अपना 100 प्रतिशत देने की कोशिश करता हूं। मैं बहुत तेज गेंदबाजी नहीं करता। मैं स्विंग गेंदबाजी करना सीख रहा था और अब मेरे लिए यह आसान है। मौजूदा प्रतियोगिता में अफगानिस्तान के पास गेंदबाजी सलाहकार के रूप में दिग्गज ड्वेन ब्रावो का साथ है। फारूकी को उनके प्रभाव से काफी फायदा हुआ है। ब्रावो और फारूकी यूएई की आईएलटी20 लीग में अबू धाबी नाइट राइडर्स और अबू धाबी टी10 लीग में दिल्ली बुल्स के लिए एक साथ खेले हैं। सह-मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के साथ अपने ग्रुप सी मैचों को समाप्त करने के बाद, अफगानिस्तान सुपर आठ में भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों का सामना कर सकता है। फारूकी ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा कि पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप का अनुभव काफी काम आया। उस समय अफगानिस्तान ने इंग्लैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी टीमों को हराया था।

# बाबर एंड कंपनी पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने ली चुटकी

**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप 2024 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ता जा रहा है मुकाबले और मुश्किल होते जा रहे हैं। अच्छी टीमों को भी जीत के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। हालांकि, पाकिस्तान की टीम के लिए शुरूआत ही खराब रही थी। टीम को अपने पहले मैच में मेजबान अमेरिका के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। इस हार ने उनकी लय बिगाड़ दी। इसके बाद पाकिस्तान की टीम भारत से भी हार गई थी। अब पाकिस्तान की हार पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर का बयान सामने आया है। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम पर चुटकी ली है। अमेरिका के पाकिस्तान को हराने पर मिलर का बयान एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब मिलर से पूछा गया कि अमेरिका ने पाकिस्तान टीम को हरा दिया। पाकिस्तान क्रिकेट टीम को इस बार सेना ने ट्रेनिंग दी थी। साथ ही उनके पास हर तरह की सुविधाएं हैं और ट्रेनिंग की हर फैसिलिटी है। इसके बावजूद अमेरिका पाकिस्तान टीम को हराने में कामयाब रही। यह कुछ ऐसा है कि बास्केटबॉल में पाकिस्तान ने अमेरिका को हरा दिया हो? इस पर मिलर ने कहा- जब मैं अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र से परे चीजों पर टिप्पणी करने की कोशिश करता हूं तो मैं अक्सर परेशानी में पड़ जाता हूं। मैं कहूंगा कि पाकिस्तान की क्रिकेट टीम निश्चित रूप से उस श्रेणी में है। मैच में क्या हुआ था? बास्केटबॉल में अमेरिका का कोई तोड़ नहीं है। एनबीए अमेरिका के सबसे चर्चित खेल और टूर्नामेंट में से एक है। वहीं, बात करें टी20 विश्व कप 2024 की तो अमेरिका ने पाकिस्तान को सुपरओवर में हराया था। यह मुकाबला टेक्सास के डलास के ग्रैंड प्रियरी स्टेडियम में खेला गया। दरअसल, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 159 रन बनाए थे। कप्तान बाबर आजम ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए थे। जवाब में अमेरिका की टीम भी 20 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 159 रन बना सकी।





# मैं अभी अपने शिखर पर नहीं पहुंचा हूं : नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली।** स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने कई बार इतिहास रचा है। उन्होंने एथलेटिक्स में भारत के लिए कई गोल्ड जीते, लेकिन इस दिग्गज में कभी अहंकार नहीं आया। आमतौर पर खिलाड़ी लाइमलाइट में आने के बाद अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं, मगर नीरज का ध्यान अपने लक्ष्य से टस से मस नहीं हुआ। भारतीय स्टार एथलीट ने जियोसिनेमा के 'गेट सेट गोल्ड' पर दिनेश कार्तिक से बात की और उन्हें जैवलिन थ्रो की मूल बातें बताईं। नीरज ने बताया कि कैसे विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप 2016 में उनका थ्रो ही एकमात्र ऐसा थ्रो है जिससे वे संतुष्ट हैं। नीरज ने कहा, आज तक, मैं अपने केवल एक थ्रो से संतुष्ट हुआ, जो विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप 2016 में 86.48 मीटर था। वह एक ऐसा थ्रो था जिसके बारे में मुझे लगा कि यह एक खास और अनोखा थ्रो था, लेकिन उसके बाद से मैं किसी भी थ्रो से संतुष्ट नहीं हुआ। मुझे लगता है कि मैं अभी अपने शिखर पर नहीं पहुंचा हूं। मैंने स्वर्ण पदक जीता है और कई प्रतियोगिताएं जीती हैं, लेकिन मुझे अभी भी लगता है कि मैं अपने सर्वश्रेष्ठ तक नहीं पहुंचा हूं और मैं अभी भी अपने थ्रो से संतुष्ट नहीं हूं। नीरज ने बताया उन्हें दोस्तों के साथ घूमना पसंद है। साथ ही उन्हें शॉपिंग करने का बहुत शौक है, लेकिन अब वो इस पर कम पैसे खर्च करते हैं क्योंकि इससे पैसा बर्बाद होता है। नीरज ने यह भी बताया कि उन्होंने कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान अपना समय हॉलीवुड फिल्में देखकर कैसे बिताया। उन्होंने कहा, लॉकडाउन के दौरान मैंने सर्वश्रेष्ठ आईएमडीबी रेटिंग वाली फिल्में देखीं। 26 वर्षीय नीरज इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ जैवलिन थ्रो एथलीटों में से एक हैं। वे मौजूदा ओलंपिक (टोक्यो 2020) और विश्व चैंपियन (बुडापेस्ट 2023) हैं। उन्होंने यूजीन में विश्व चैंपियनशिप 2022 में रजत पदक जीता। उन्होंने दो बार एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक (2018 जकार्ता, 2022 हांगझोऊ) और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों (गोल्ड कोस्ट) में स्वर्ण पदक भी जीता है।



# फ्लाईओवर के पास मिले बोरे में निकला महिला का शव

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू की



**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में कुचेसर रोड चौपला पर फ्लाईओवर के पास शुक्रवार की सुबह कट्टे (बोरे) में एक महिला का शव मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार की सुबह कुचेसर रोड फ्लाईओवर के पास कुछ लोगों ने एक कट्टा देखा। कट्टे को खोला तो उसमें महिला का शव मिला। शव मिलने से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई और काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। शव को लेकर लोग आपस में चर्चा करने लगे और पुलिस को सूचना दी गई।

**कुछ दिन पहले ही महिला ने किराए पर लिया था मकान**

शव मिलने की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतका की शिनाख्त कराने पर पता चला कि गढ़मुक्तेश्वर की रहने वाली 32 वर्षीय प्रियंका पत्नी सुरेश है। जिसने कुचेसर चौपला पर तीन दिन पहले मकान किराए पर लिया था। यह मकान बुलंदशहर के स्याना क्षेत्र के गांव थल के रहने वाले सोनू का है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के परिजन को शव मिलने की सूचना दे दी गई है। विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रख मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण पता चल सकेगा।

### दो पत्नियों का मामला आया सामने

पुलिस के अनुसार मृतका प्रियंका सुरेश की पत्नी थी। आरोप है कि सुरेश ने दो शादियां की थीं और प्रियंका उसकी पहली बीवी थी। आरोपित उसकी हत्या करके शव को बोरे में बांधकर दबाने के लिए आए थे। जिस समय वह दबाने के लिए मिट्टी खोद रहे थे, तभी पुलिस को सूचना मिल गई। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपित भाग गए। पुलिस ने रास्ते में एक महिला को पकड़ लिया, वह सुरेश की दूसरी पत्नी है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जांच में तीन महिलाओं और दो पुरुषों के नाम सामने आए हैं। आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की तीन टीम भेजी गई हैं।

# मामूली विवाद के बाद पड़ोसी को पेट्रोल डालकर फूंका



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद मामूली विवाद को किस तरह खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया यह जानकर आपके भी होश उड़ जाएंगे। दरअसल, मोदीनगर में निवाड़ी थाना क्षेत्र के कस्बा पतला में एक 75 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति ने मामूली विवाद के बाद अपने सोते हुए पड़ोसी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग लगाने के बाद आरोपी ने भी खेत में जाकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। आग लगने से बुरी तरह झुलसे व्यक्ति की हालत अभी गंभीर बनी हुई है।

**कब और कैसे हुई वारदात**

जानकारी के मुताबिक, नेपाल सिंह अपने परिवार सहित कस्बा पतला में रहते हैं। वह मजदूरी करके परिवार का लालन पालन करते हैं। नेपाल सिंह का पहले घोड़े पर कपड़ा डालने को लेकर अपने 75 वर्षीय पड़ोसी सीताराम सेविवाद हो गया था। उस समय तो मामला आसपास के लोगों नेरफा-दफा करा दिया था, लेकिन सीताराम मन में रंजिश पाले हुआ था। नेपाल सिंह गुरुवार रात सड़क पर चारपाई डालकर सो रहे थे। आरोप है कि देर रात पड़ोसी सीताराम नेचारपाई पर सो रहेने पाल सिंह के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग की चपेट में आकर सीताराम बुरी तरह झुलस गए। उनकी चीख-पुकार की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने किसी तरह आग बुझाई और नेपाल सिंह को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, उनकी हालत गंभीर होने पर नेपाल सिंह को मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया।

### खुद खाया जहर

पुलिस ने बताया पड़ोसी को आग लगाने के बाद आरोपी सीताराम के भी हाथ-पैर झुलस गए थे। इस घटना को अंजाम देने बाद वह जंगल की ओर चला गया और जहरीला पदार्थखाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्जकर ली गई है। जांच में जो भी नाम सामने आएगा। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




### नीले हाथी की फौज ने कर दी तिरंगे हाथ वालों के चुनाव में मौज

चुनाव के बाद समीक्षा हो रही है तो पता चल रहा है कि साईकिल वाले यादव जी तो अपने बूथ ही कमजोर निकले जबकि साईकिल वाले चौधरी ने फाईट की है और यहां क्रेडिट की काईट हाफ हाफ मानी जायेगी क्योंकि हाथ वाले चौधरी का भी बूथ यही है। हाथ वाले खुश है कि इतने से इतने पर आ गये और साईकिल वाले अपने सिर पर साफा बांध रहे हैं कि ये इजाफा हमारी वजह से हुया है। यहां महावत ने ही पूरा मैथ बताया और कहा कि नीला हाथी इस बार पुरानी कहावत से अलग चला और महावत को छोड़कर वो हाथ वालों के यहां आ गया। ये जो इजाफा है ये कुछ नही है ये सिर्फ नीले बस्ती की सियासी हस्ती है और नीले हाथी ने वो मौज कर दी कि हाथ वालों के यहां हार कर भी मस्ती छाई है। कहने वाले ने कहा कि भले ही यूपी के रण में कांग्रेस की सीटे कम हैं लेकिन हाथी का डीएम जिस तरह से हाथ के साथ आया है वो सकेंत दे रहा है कि हाथ वालों के मौहल्ले में अगले चुनाव में भी इस वोट का हल्ला गुल्ला रहना है

### उन पार्षद के थे बोल कि इतने का मिला दो मेरी तरफ से तारकोल

लहरवीरों के तीरों इन दिनो सीवर वाला महकमा आहत है। वो पहली बार जीत कर आये हैं और कमाने की पूरी चाहत है। ढाई वाले सीन को वो पांच तक ले गये हैं और एमबी ,बिल बनने से पहले वो अपना हिस्सा चाहते हैं। निर्माण करायें ना करायें मगर निर्माण की शिकायते कर रहे हैं। कई सदन देख चुके टेंडर मैन ने कहा कि ऐसी आंधी पहले नही देखी। टेंडर मैन ने कहा कि गांधी नगर के पार्षद रहे संजीव शर्मा का आज भी दिल में सम्मान हैं। उन्हे हम खुद कमीशन के 25 हजार देने गये थे तो उन ईमानदार पार्षद ने कमीशन लेने से साफ इंकार कर दिया था और हमने जब कहा कि ये तो सिस्टम हैं तो उन्होने वो रकम लौटाते हुये कहा कि जो सड़क बन रही है उसमें इस रकम का मेरी तरफ से तारकोल मिला देना तो सड़क बढ़िया बन जायेगी। आज तो रोड बाद में बननी शुरू होती है और उससे पहले मेंबर में एटीटयूड की मरोड़ शुरू हो जाती है।

## न्यूज डायरी

### बाजार नहीं सुरक्षिता, कभी भी हो सकती है आगजनी की घटना

**लोनी, करंट क्राइम।** दुकानों के सामने पटरी दुकानदारों ने अपने ठीए लगा रखे हैं जिसके कारण बाजार से चौपहिया वाहनों का निकलना लगभग असंभव सा हो गया है। अगर बाजार में आगजनी की घटना हुई तो उस पर काबू पाना मुश्किल होगा, क्यंकि वहां तक दमकल की गाड़ी नही पहुंच पायेगी। करीब तीन वर्ष पूर्व बाजार में एक कपड़े की दुकान में आग लग गई थी जिस पर कई घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया जा सका था। हालांकि वहां तक दमकल की गाड़ी दूसरे रास्ते से होकर पहुंच गई थी। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि हादसे के बाद पुलिस प्रशासन की नींद खुलती है, लेकिन इससे पहले ना ही तंग गलियों में चल रही फैक्टरियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई की जाती है और ना ही उन पर रोकथाम के लिए कदम उठाए जाते हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि उद्योग रिहायशी कॉलोनियों से बंद होकर खुले में अथवा औद्योगिक क्षेत्र में लगने चाहिए, प्रशासन को इसके लिए उचित कदम उठाने चाहिए।

### वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, अज्ञात युवक का शव मिला

**लोनी, करंट क्राइम।** बंथला मंदिर के पास एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जबकि बागराणप गांव के गेट के पास करीब 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला है। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। मूल रूप से भदोई जनपद का रहने वाला हैदर अली 75 पुत्र हबीबुंल्ला करीब आठ दिन पूर्व बंथला में अपने पौत्र के दोस्त के पास आया था। गुरुवार रात करीब 11 बजे वह एक खाली प्लॉट के पास बैठा हुआ था। शुक्रवार सुबह वह प्लॉट में मृत पड़ा मिला। जबकि बागराणप गांव के गेट के पास करीब 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला है जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये हैं।

### दिव्यांग को मारपीट कर किया घायल

मुरादनगर, करंट क्राइम। नगर क्षेत्र की ईदगाह कॉलोनी में कमेटी के पैसे मांगने पर दिव्यांग को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर की ईदगाह चौड़ा खड़जा निवासी दिलशाद ने कॉलोनी के ही एक व्यक्ति के पास कमेटी डाल रखी है। इस बार कमेटी दिलशाद के नाम छूटी थी। दिव्यांग दिलशाद कमेटी के पैसे लेने के लिए उक्त व्यक्ति के पास गया।

# सीईओ ने विकास को गति देने पर दिया जोर



**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम. ने सिविल इंजीनियरिंग विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की, जिसमें अलग-अलग चल रही परियोजनाओं की प्रगति और आगामी कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के बाद सीईओ ने कुछ निमार्णाधीन स्थलों का निरीक्षण किया, जिसमें ग्राम-हरौला और सेक्टर-2 के बीच बन रहे नाले का कार्य और डीएससी मार्ग पर बॉटेनिकल गार्डन के सामने फुटपाथ निर्माण शामिल रहा। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों का पालन और जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए काम करने पर जोर दिया।

### अतिक्रमण अभियान तेज करने के निर्देश

सीईओ की तरफ से चिल्ला एलिवेटेड रोड परियोजना के लिए प्राप्त निविदाओं की जांच तेज करने और शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं जैसे सीसी रोड, ड्रेन, सीवर, पानी, बारातघर, श्मशानघाट, पथ-प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, और गलियों के नंबर अंकन की स्थिति का फोटोग्राफ सहित प्रस्तुतीकरण करने को कहा गया। अतिक्रमण अभियान को और तेज करने पर बल दिया गया, ताकि प्राधिकरण की अधिक से अधिक भूमि खाली कराई जा सके।

### सौंदर्यीकरण करने पर जोर

सीईओ ने सेक्टर-51 और 52 मेट्रो स्टेशन के बीच निमार्णाधीन स्काई-वॉक के कार्य की भी जानकारी ली, जिसे सितंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही बैठक में महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर मूर्तियों की स्थापना, तालाबों के जीर्णोद्धार और नए तालाबों के निर्माण पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा प्रत्येक वर्क सर्किल को अपने क्षेत्र में कम से कम 500 मीटर लंबे मार्ग का सौंदर्यीकरण करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश पाल सिंह, उप महाप्रबंधक (सिविल) विजय रावल और सभी वर्क सर्किलों के वरिष्ठ प्रबंधक उपस्थित रहे।

### धीमी गति पर व्यक्त की चिंता

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सीईओ ने एलिवेटेड रोड, प्रशासनिक भवन और गोल्फ कोर्स जैसी प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। डीएससी मार्ग पर निमार्णाधीन एलिवेटेड रोड के संबंध में उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम की धीमी गति पर चिंता व्यक्त की और प्रबंध निदेशक को पत्र भेजने का निर्देश दिया। गोल्फ कोर्स परियोजना के लिए शेष भूमि के अधिग्रहण में देरी को लेकर भी भूलेख विभाग को पत्र भेजा जाएगा।

### गंगा दशहरा पर रहेगा पुलिस का पहरा

**हापुड।** गंगा दशहरा पर्व पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को अब ट्रैक्टर-ट्राली लाने की अनुमति नहीं होगी। इसके लिए पुलिस का सख्त पहरा रहेगा। एसपी अभिषेक वर्मा ने ज़िम्मेदारों को जारी किए निर्देश में कहा है कि किसी भी हालत में श्रद्धालुओं को ट्रैक्टर-ट्राली से न आने दिया जाए।

**पहले हो चुके कई हादसे**

ट्रैक्टर-ट्राली के पलटने से लोगों के हताहत होने की खबरें अक्सर देखने को मिलती हैं। एसपी अभिषेक वर्मा ने इस तरह के हादसों को रोकने के लिए गंगा दशहरा स्नान के लिए ट्रैक्टर-ट्राली के आने-जाने पर रोक लगा दी है। इतना ही नहीं घाटों पर स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की निगरानी की जाएगी। एसपी ने ज़िम्मेदारों को जारी किए निर्देश में कहा है कि 15 जून सें 16 जून तक आने जाने वाले रास्तों पर पुलिस जवानों को सख्ती के साथ तैनात किया जाए। अगर कोई भी श्रद्धालुओं को ट्रैक्टर-ट्राली से लाता हुआ या ले जाता हुआ दिखाई दे, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा की होने वाले हादसों की रोक-थाम करने के लिए इस तरह का फैसला लिया है।




## क्या चल रही है कई कार्यालयों में टेंशन

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों चोरी-चोरी, चुपके-चुपके तबादला एक्सप्रेस रवाना की जा रही हैं। सूत्र बता रहे हैं कि बीते कुछ दिनों में कई चौकी प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मियों को एक कार्यालय से दूसरे जगह भेजा गया है। वहीं सुनने में तो यह भी आ रहा है कि इसी कड़ी में बीते दिनों एक खास कार्यालय के खास काम संभालने वाले थ्री-स्टार को नदियापार भेजा गया है। तो उनके स्थान पर बाहर से आए दो टू- स्टार अलग-अलग जगह सेट किए गए हैं। महकमें में चर्चा है कि इस पोस्टिंग के पीछे कुछ राज छुपा हुआ है। बताया जा रहा है कि कमिश्नरेट में एक साहब इन दिनों कई एसीपी और थानों के प्रभारी की वर्किंग और उनकी बात ना मानने की आदत से




नाराज चल रहे हैं। इसी नाराजगी का कारण है कि एक के बाद एक कई खास स्थानों और कार्यालयों में टेंशन वाला माहौल बढ़ना शुरु हो गया है। सूत्र बता रहे हैं कि नदियापार से लेकर सिटी के बीच बीते कुछ दिनों में बड़े बदलाव किए गए हैं। कहीं सात की लिस्ट जारी की गई है, तो कहीं 13 के नाम शामिल हुए हैं। सवाल फिर वही उठ रहा है कि कमिश्नरेट व्यवस्था में आखिर क्यों चोरी छुपे ट्रांसफर पोस्टिंग की जा रही है। सुनने में आया है कि एक ऐसे दरोगा जिन पर गंभीर धाराओं में देहात में मुकदमा दर्ज हुए थे उनको सिटी के एक खास कार्यालय में भेज दिया गया है। वही सिटी में एक थाने पर अटैक टू-स्टार को वर्किंग के लिए अच्छी चौकी दी गई है। इसी के साथ कुल सात टू-स्टार अलग-अलग जगह भेजे गए हैं। तो वहीं अन्य कर्मचारियों को भी नई तैनाती दी गई है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि कार्यालय क्राइम टीम में काम करने वाले एक टू-स्टार को बीते दिनों नदी से सेट वाले इलाके की बढ़िया वाली चौकी भी मिली है। तो वही सिटी वाले साहब की टीम पर लगातार चैलेंजे बढ़ता जा रहा है। एक के बाद एक हुई चुनावी सीजन की कई घटनाएं अभी अनसुलझी चल रही हैं। तो वहीं अधिकारियों में इस बात का भी डर बना हुआ है कि कोई नई वारदात ना हो जाए। बीते कुछ दिनों से लैटर वार के बीच एसीपी और एसएचओ स्तर की पोस्टिंग का मैटर होल्ड चल रहा है, पर नीचले स्तर पर जिला लेवल के अधिकारी अपनी कलम का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं। नदियापार में एक टू-स्टार पर मेहरबानी का मामला फिर भगवा दल वालों के ग्रुप और सोशल मीडिया पर गूंज उठा है। कहा जा रहा है कि कहीं उनको नुकसान ना उठाना पड़ जाए, तो वही अधिकारी अभी इस मामले में खामोश ही चल रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बकरीद के त्यौहार के बाद किसको अपनी सीट वाली कुबार्नी देनी पड़ेगी यह देखना दिलचस्प होता जा रहा है। देखना होगा कि आने वाले दिनों में क्या परिणाम और लिस्ट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम को लेकर टविस्ट् लाती है।

# ट्रांसफार्मर में लगी आग में दो कार और घर जला



**लोनी, करंट क्राइम।** आर्यनगर कॉलोनी में गुरुवार रात रमेश के मकान के पास रखे 400 तथा 100 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग की चपेट में आने से वहां खड़ी दो कार जल गई तथा घर में आग पहुंच गई। कॉलोनी के लोगों ने दमकल की गाड़ियों के मौके पर पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। लोनी बॉर्डर थाने की आर्यनगर कॉलोनी निवासी रमेश ने बताया कि उसके घर के बाहर ही कॉलोनी में विद्युत आपूर्ति कराने के लिए 400 और 100 केवीए के दो ट्रासफार्मर लगे हुए हैं। गुरुवार रात करीब 11.44 बजे 400केवीए ट्रांसफार्मर में आग लग गई जिसके बाद 100केवीए का ट्रांसफार्मर भी जलने लगा। कुछ ही देर में आग भड़क गई और घर के बाहर खड़ी रमेश की दोनों कार जल गई। जबकि रमेश का दो मंजिला मकान में भी आग पहुंच गई। कॉलोनी के लोगों ने आग पर पानी आदि डाला तथा ट्रॉनिका सिटी से मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर के भूतल पर रखा हार्डवेयर की दुकान का लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

# आग हादसे में घायल युवती की हालत गंभीर

**लोनी, करंट क्राइम।** बेहटा हाजीपुर आग हादसे में घायल युवती की हालत नाजुक बताई जा रही है। उसका दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में उपचार चल रहा है। मकान में आग लगने के बाद पीड़ित परिवार ने पड़ोस में रिश्तेदारों के यहां शरण ली हुई है। शुक्रवार को तहसीलदार और लेखपाल ने मौका मुआयना कर परिवार के लोगों की विस्तृत जानकारी जुटाई है।

गौरतलब है कि बुधवार रात बेहटा हाजीपुर गांव में बिजली के शॉट सर्किट से इश्तियाक के तीन मंजिला मकान में आग लग गई थी। जिसमें इतियाक अली की पुत्रवधू फरहीन, सात माह का बेटा शीश, बेटी उजमा, शादीशुदा बेटी नाजरा दामाद सैफुल रहमान तथा नाती इकरा की मौत हो गई थी। जबकि अविवाहित बेटी उजमा तथा नाती अर्श घायल हो गए थे। उनको उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उजमा की हालत गंभीर बताई जा रही है। जबकि अर्श को दूसरे दिन ही छुटटी मिल गई थी और वह अपने दादा दादी के पास रटोल बागपत चला गया है। शुक्रवार को तहसीलदार लोनी और लेखपाल आदि मौका मुआयना करने पहुंचे।

### अलमारियों में रखा कीमती सामान बचा, लेकिन पेंट की जेब में 80 हजार जले

**करंट क्राइम।** पीड़ित गृहस्वामी के बेटे सारिक ने बताया उसकी पेंट में करीब 80 हजार रुपए रखे थे, वह कपड़ों के साथ जल गए हैं, लेकिन अलमारियों में कुछ कीमती सामान बच गया है। जबकि भूतल पर खड़ी कार और बाइक जल गई है। इसके अलावा घर की तीनों मंजिल पर रखा घर का सारा सामान जलकर राख हो गया है।

# पंजाबी सभा गाजियाबाद के अध्यक्ष हरमीत बक्शी ने गर्मी में लोगों को बांटी शिकंजी





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम के शिप्रा रिवेरा सोसायटी के गेट नम्बर 6 पर पंजाबी सभा गाजियाबाद की ओर से राहगीरों को शरबत, शिकंजी का वितरण किया। पंजाबी सभा गाजियाबाद के अध्यक्ष हरमीत बक्शी ने लोगों से अपील कि भीषण गर्मी के चलते हम सभी अपने घरों के बाहर व छत पर पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें। शिकंजी वितरण कार्यक्रम 11. बजे से 1 बजे तक चला जिसमे सैकड़ों लोगों में भीषण गर्नी में शिकंजी पी कर राहत की सांस ली। इस अवसर पर कामेश्वर त्यागी, विजय गुलाटी, ऋषभ राणा, मनबीर भाटिया, विनोद त्यागी, सुनील दत्त शर्मा, सतीश कसाना, नरेश अरोड़ा, हरीश मनचंदा, देवाशीष दत्ता, सागर रावत, मातवर सिंह रावत, दिनेश गोला, हेमंत बाजपेई, धीरज शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# नगर पालिका के ईओ और अध्यक्ष ने एक दूसरे पर लगायेअभद्रता के आरोप

**लोनी, करंट क्राइम।** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी केके मिश्रा ने नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा पर अपने तथा खाद्य और सफाई निरीक्षक संजीव अवाना के साथ अभद्रता तथा पालिका के निलबिंत बाबू तपसी के साथ मारपीट कराने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी है। जबकि रंजीता धामा ने उनके आरोप को फर्जी और मनगढ़ंत बताते हुए पुलिस आयुक्त को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की गई है। लोनी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी केके मिश्रा ने बताया कि गुरुवार दोपहर 2.30 बजे वह बलरामनगर टंकी लोनी पर अपने कैम्प कार्यालय पर खाद्य और सफाई निरीक्षक तथा तपसी बाबू के साथ बैठे थे इसी दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा आईं और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जोर जोर से उनके ऊपर चिल्लाने लगी। कहने लगीं कि जितनी जल्दी हो सके अपना स्थानांतरण कराकर यहां से चले जाओ। अधिशासी अधिकारी ने आरोप लगाया कि रंजीता धामा के कहने पर उनके साथ आए डॉ0 शकील, ओमबीर धामा, आदि ने तपसी बाबू के साथ गालीगलौच और मारपीट की। उधर रंजीता धामा ने अधिशासी अधिकारी के आरोपों को फर्जी और मनगढ़ंत बताते हुए पुलिस आयुक्त को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होने बताया कि वह एक सरकारी कार्य के लिए अधिशासी अधिकारी से जरूरी चर्चा करने के लिए बलरामनगर कैम्प कार्यालय पर गई थीं। वहां अधिशासी अधिकारी सफाई निरीक्षक संजीव अवाना और तपसी के साथ सफाई कार्य का बिल कार्य से अधिक बनाने की योजना बना रहे थे। आरोप है कि सफाई कम्पनी के कर्मियों ने तीन दिन हडताल की थी, लेकिन अधिशासी अधिकारी ने तीन दिन का वेतन काटने के बजाए पूरा भुगतान करने के लिए बिल प्रस्तुत किया था, जिस पर उन्होंने ईओ से स्पष्टीकरण मांगा था। आरोप है कि केके मिश्रा ने सफाई का बिल दो करोड़ से बढ़ाकर चार करोड़ कर दिया है।

# बंधक बनाकर नकदी व जेवरात लूटे, रिपोर्ट दर्ज

मुरादनगर, करंट क्राइम। नगर क्षेत्र के गांव शहजादपुर में एमआर के मकान पर धावा बोलकर बदमाश साठ हजार रुपए की नकदी व सोने चांदी के जेवरात ले गए। पहले बदमाशों ने सभी कमरों की बाहर से कुंडी लगा दी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। गांव शहजादपुर निवासी निरंकुश त्यागी परिवार सहित रहते हैं। वह एक मेडिकल कंपनी में एमआर पद पर कार्यरत हैं। रात के समय परिवार के सभी लोग अपने अपने कमरे में सो रहे थे। देर रात जब निरंकुश त्यागी लघुशंका करने के लिए उठे तो उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। जब उन्होंने अपने कमरे में दरवाजा खोलने के लिए भाई को फोन किया तो उनके भी कमरे का दरवाजा बंद था। इसके बाद पड़ोसी को फोन करके दरवाजे खुलवाए। निरंकुश त्यागी ने बताया कि घर पर बुआजी आई हैं इस कारण दरवाजा खुला रहता है। देर रात बदमाश दरवाजा खोलकर घर के अंदर आए।

# बाल कलाकार सृजन पाण्डेय का सीसीआरटी छात्रवृत्ति में चयन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संस्कृति मंत्रालय के सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र की सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना 2023-24 के परिणाम स्वरूप बाल कलाकार मास्टर सृजन पाण्डेय को रंगमच के क्षेत्र में अपने कौशल को निखारने के लिए चयन हुआ है। मास्टर सृजन पाण्डेय उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश व दिल्ली राज्यों के एकमात्र छात्र हैं जिन्हें रंगमंच के क्षेत्र में यह छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। सीसीआरटी छात्रवृत्ति सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र द्वारा प्रदान की जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य 10 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को संगीत, नाटक, नृत्य, शिल्प, मूर्तिकला, चित्रकला और साहित्यिक कला जैसी विभिन्न ललित कलाओं में असाधारण प्रतिभा के साथ वित्तीय सहायता प्रदान करना है। केंद्र द्वारा छात्रवृत्ति कला के दुर्लभ रूपों पर भी विशेष जोर दिया जाता है विलुप्त हो रहे हैं। इस योजना में देश भर से 635 छात्र- छात्राओं ने कला के विभिन्न क्षेत्रों से भाग लिया। सृजन पाण्डेय वर्तमान में डीएलएफ पब्लिक स्कूल, साहिबाबाद में नवीं कक्षा का छात्र है, इससे पूर्व में भी यह कलाकार संस्कृति मंत्रालय-भारत सरकार व 'वर्ल्ड फोरम फॉर आर्ट एंड कल्चर' द्वारा प्रतिवर्ष नृत्य, गीत, संगीत व नाटक की भारतीय शास्त्रीय कला रूपों की राष्ट्रीय स्तर की 'झंकृति-2023' प्रतियोगिता में 12-21 आयु वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर चुका है। 'राष्ट्रीय चिल्ड्रेन वर्चुअल प्रतियोगिता' में द्वितीय स्थान सहित कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त कर चुका है। सृजन प्रख्यात लेखिका मीना पाण्डेय का सुपुत्र है।

# कुवैत अग्निकांड : मृतकों के शव लेकर कोच्चि एयरपोर्ट पर उतरा सुपर हरक्युलिस, आग ने ले ली 45 भारतीयों की जान




**कुवैत।** कुवैत में दो दिन पहले हुए अग्निकांड में मारे गए भारतीयों के पार्थिव शरीर लेकर आया भारतीय वायु सेना का विमान शुक्रवार सुबह कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। दूतावास ने बताया कि विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह भी उसी विमान से वापस आए। वायु सेना के सी-130जे परिवहन विमान से 31 भारतीयों के पार्थिव शरीर को यहां उतारा गया। यहां से शवों को उनके गृह नगर तक पहुंचाया जाएगा। घटना में मारे गए मारे गए 31 लोगों में से केरल के 23, तमिलनाडु के सात और कर्नाटक का एक व्यक्ति शामिल है।

अधिकारियों ने बताया कि दक्षिणी कुवैत के मंगाफ क्षेत्र में सात मंजिला इमारत के रसोईघर में भीषण आग लगने से 49 विदेशी मजदूरों की मौत हुई थी और 50 अन्य घायल हुए थे। इनमें से 45 भारतीय थे और शेष पाकिस्तान, फिलिपीन, मिस्र और नेपाल के नागरिक थे। इमारत में 195 प्रवासी मजदूर रहते थे।



## केरल सरकार ने किया मदद का ऐलान

### मृतकों के शवों को लेकर आया सुपर हरक्युलिस

इससे पहले वायुसेना का सुपर हरक्युलिस विमान कुवैत से 45 शवों को लेकर रवाना हुआ था। पहले यह विमान केरल के कोच्चि में उतरा, क्योंकि ज्यादातर मृतक वहीं के थे। इसके बाद विमान दिल्ली आया। यहां से शव संबंधित राज्यों में भेजे जाएंगे।

**अब तक 48 शवों की हुई पहचान :** यूपी के मृतकों की पहचान वाराणसी के माधव सिंह, गोरखपुर के जयराम गुप्ता और अंगद गुप्ता के रूप में हुई है। वहीं, आंध्र प्रदेश के मृतकों में श्रीकाकुलम जिले के टी लोकानंदम, पश्चिम गोदावरी जिले के एम सत्यनारायण और एम ईश्वरुडु की पहचान की गई है। अरब टाइम्स ने कुवैत के प्रथम उप प्रधानमंत्री शेख फहद अल-यूसूफ अल-यूसुफ के हवाले से बताया कि अधिकारियों ने अब तक 48 शवों की पहचान की है। कुवैत के दक्षिणी शहर मंगाफ में सात मंजिला इमारत में हुए हादसे में 49 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 50 से अधिक घायल हुए हैं।

केरल सरकार ने परिजनों को 5-5 लाख रुपये की मदद की घोषणा की है। इस बीच, भारत के विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह कुवैत पहुंच गए हैं। वहां उन्होंने घायलों से मुलाकात की है। सिंह स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर शवों को भारत लाने के प्रयास में जुटे हैं।

वहीं, कुवैत प्रशासन ने शवों की पहचान स्थापित करने के बाद वादा किया कि वह हादसे की त्वरित जांच करेगा और शवों को वापस भेजने में पूरी मदद करेगा।

## सीएम विजयन ने एयरपोर्ट पर दी श्रद्धांजलि

**हादसे** के बाद भारत के विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह कुवैत गए थे। कुवैत हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को एयरपोर्ट पर केरल के सीएम विजयन ने श्रद्धांजलि दी। कीर्तिवर्धन ने 5 अस्पतालों का दौरा किया, जहां घायल भारतीयों का इलाज किया जा रहा है। कीर्तिवर्धन सिंह आज उसी एयरक्राफ्ट से वापस लौटे हैं, जिनसे शवों को लाया गया है। भारतीयों के शवों को एयरपोर्ट पर श्रद्धांजलि देने और इन्हें परिजनों को सौंपने की तैयारी की जा रही है। शव की पहचान के लिए ताबूत पर मरने वाले व्यक्ति की तस्वीर लगाई गई है।



### श्रद्धांजलि के बाद परिवार को सौंपे जाएंगे शव



## केरल की स्वास्थ्य मंत्री का आरोप- केंद्र सरकार ने कुवैत जाने से रोका

**केरल** की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने शुक्रवार (14 जून) को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने उन्हें कुवैत जाने की इजाजत नहीं दी। वीना जॉर्ज ने कहा- मरने वालों और घायलों में सबसे ज्यादा लोग केरल के थे। इसके बावजूद हमें कुवैत जाने से रोका गया। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

केरल के मंत्री के राजन ने भी इसकी आलोचना की। उन्होंने कहा- हम हादसे के बाद अपने लोगों की मदद करना चाहते थे, लेकिन केंद्र सरकार ने तकनीकी कारणों का हवाला देकर स्वास्थ्य मंत्री को कुवैत जाने से रोका।

**केरल की स्वास्थ्य मंत्री बोलीं- एयरपोर्ट पर शवों को**



**श्रद्धांजलि दी जाएगी :** कोच्चि एयरपोर्ट पर पहुंचीं केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि थोड़ी देर में एयरक्राफ्ट पहुंचने वाला है। मुख्यमंत्री भी यहां पहुंच रहे हैं। यहां श्रद्धांजलि देने के लिए शवों को कुछ देर रखा जाएगा। सब कुछ कम से कम समय में किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि शवों को एंबुलेंस से उनके परिवारों के पास भेजा जाएगा। हर शव पर एक नंबर लिखा है। इसी तरह एंबुलेंसों की भी नंबरिंग की गई है। हर एंबुलेंस में पुलिस की टीम मौजूद रहेगी। सभी तैयारी की जा चुकी हैं।

वीना जॉर्ज ने कहा कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मरने वालों में आधे से अधिक केरल से हैं और जिनका इलाज चल रहा है, उनमें भी ज्यादातर केरल के हैं। स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक, कुवैत में केरल के लगभग 30 लोग भर्ती हैं। इनमें से 7 आईसीयू में हैं।

## शवों के साथ भारत लौटे विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह



**शवों** के साथ कुवैत से भारत लौटे विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन ने कहा, मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ है जिनके अपनों ने हादसे में जान गंवाई। मामले की सूचना मिलते ही पीएम मोदी ने उच्च-स्तरीय बैठक की।

उन्होंने हमें तत्काल कुवैत जाकर भारतीयों के इलाज और शवों को देश वापस लाने की तैयारियों का मुआयना करने को कहा।

कुवैत के अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया में हमारे साथ दिया।



### कंपनी एचआर का फोन आया

## आपके बेटे का शव विशेष विमान से भेजा जा रहा...

### अग्निकांड में दरभंगा के युवक की मौत

### 15 जुलाई को कालू खां की शादी थी

**दरभंगा।** कुवैत में हुए भीषण अग्निकांड में दरभंगा जिला के भालपट्टी थाना क्षेत्र के नैनाघाट के कालू खान भी काल के गाल में समा गया। 40 से अधिक अन्य भारतीयों की तरह वो भी हादसे का शिकार हो गया। जिस बिल्डिंग में आग लगी उसी में वो भी मौजूद था। जब तक भाग कर जान बचाता उससे पहले ही वह आग के बीच घिर गया और उसकी मौत हो गई। परिवार तक पहले लापता होने की सूचना आई परिवार के लोग बैचेन रहे और पता करते रहे। जिस कंपनी के काम कर रहा था उससे बार बार बात करते रहे थे। पहले जो लिस्ट जारी हुई थी उसमें कालू खान का नाम नहीं था तो परिवार की आस जगी कि उनका बेटा मरा नहीं बल्कि लापता है। लेकिन, जब आज सुबह कंपनी की तरफ से फोन आया कि-आपके बेटे का शव आपके घर विशेष विमान से भेजा जा रहा है, पूरा परिवार जैसे टूट गया।

परिजनों ने बताया कि जिस रात घटना हुई करीब 11 बजे तक बातचीत हुई थी। मां ने कहा था बेटा घर तो बना दिए पर बहुत गर्मी है, बिजली भी लगवा दो। इस पर कालू खान ने मां को आश्वासन देते हुए कहा कि मां कल बिजली भी लग जाएगी और घर भी चकाचक हो जाएगा, तुम चिंता न करो। उसने फोन कर के बिजली वाले को सुबह भेजा भी, लेकिन रात में घटना घट गई। जब सुबह बिजली मिस्त्री बार बार फोन किया और मोबाइल बंद आया। इसके बाद मां ने भी लगातार फोन लगाया, लेकिन मोबाइल बंद आया। बिजली मिस्त्री तो चला गया, लेकिन मां की चिंता बढ़ी तो पता किया तो सारी घटना का पता चला।

कालू खान की मां मदीना खातून ने कहा वैसे तो सात साल से कुवैत में रहता था, लेकिन अभी हाल में दो साल पहले वह कुवैत गया था। अंतिम बात रात को हुई थी तब बोला था कि पैसा भेजेंगे, जिससे घर में बिजली लगा लेना। उसकी शादी भी होनी थी जिसके लिए अगले महीने के पांच जुलाई की तारीख को आना था। 15 जुलाई की तारीख को नेपाल में शादी तय थी, लेकिन नीयत ने कुछ और ही तय कर रखा था। अचानक हादसे का शिकार हो गया और आज उसका शव कुवैत से आ रहा है।

तीन बेटों में सबसे बड़ा कालू खां ही था और पूरे परिवार की जिम्मेदारी वो अकेले उठा रहा था। यहां तक कि अपनी विधवा बहन के साथ उसके बच्चों का भी पालन पोषण वही कर रहा था। अब पूरे परिवार के साथ गांव शव का इंतजार कर रहा है।

## इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट से बिल्डिंग में लगी आग

**कुवैत** के समयानुसार यह हादसा बुधवार (12 जून) सुबह करीब 4:30 बजे हुआ। कुवैती फायर फोर्स के मुताबिक यह आग इलेक्ट्रिकल सर्किट के चलते लगी थी। उस वक्त सभी कामगार सो रहे थे। आग लगने की वजह से मची भगदड़ के बीच कई लोगों ने घबराकर बिल्डिंग की खिड़कियों से छलांग लगा दी। कई लोग इमारत के अंदर ही फंसे रह गए और धुएं में दम घुटने से उनकी मौत हो गई।

कुवैती मीडिया के मुताबिक, इस बिल्डिंग को कंस्ट्रक्शन कंपनी ठइळउ ग्रुप ने किराए पर ले रखा था। इसमें 195 से ज्यादा मजदूर रह रहे थे। ठइळउ ग्रुप के मालिक मलयाली व्यापारी केजी अब्राहम हैं।

केजी अब्राहम केरल के तिरुवल्ला के व्यवसायी हैं। केजी अब्राहम, जिन्हें केजीए के नाम से भी



जाना जाता है, केजीए समूह के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। यह कंपनी 1977 से कुवैत के ऑयल एंड इंडस्ट्रीज का हिस्सा है।

### विदेश राज्य मंत्री ने कुवैत के विदेश मंत्री से मुलाकात की

भारत से कुवैत पहुंचे विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने वहां के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल याहया से मुलाकात की।

## झारखंड के मोहम्मद अली हुसैन 18 दिन पहले गए थे कुवैत, जहां इस हादसे में उनकी मौत हो गई

### कुवैत में लगी अब तक की सबसे भीषण आग

**रांची।** झारखंड के रांची के रहने वाले 24 साल के मोहम्मद अली हुसैन 18 दिन पहले ही कुवैत गए थे, जहां इस हादसे में उनकी मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के तीन मृतकों की पहचान वाराणसी के प्रवीण माधव सिंह और गोरखपुर के जयराम गुप्ता और अंगद गुप्ता के तौर पर हुई है। वहीं आंध्र प्रदेश के मृतकों की पहचान श्रीकाकुलम जिले के टी लोकानंदम, पश्चिम गोदावरी के एम सत्यानारायण और एम ईश्वारुडु के तौर पर हुई है।



कुवैत में 12 जून को इमारत में लगी अब तक की सबसे भीषण आग है। वहीं मरने वालों की संख्या के मामले में देश में दूसरी सबसे बड़ी आग है। इससे पहले अगस्त 2009 में जाहरा शहर में एक महिला ने पति की दूसरी शादी से नाराज होकर शादी के तंबू में आग लगा दी थी, जिससे 56 महिलाओं और बच्चों की मौत हो गई थी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कुवैत के के विदेश मंत्री अली अल-याह्या से फोन पर बात की। कुवैत ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच करके गुनहगारों को सजा दी जाएगी। जयशंकर ने मारे गए लोगों के शवों को जल्द जल्द भारत भेजने की अपील की है।

### मरने वालों की उम्र 20 से 50 साल के बीच

विदेश मंत्रालय ने बताया कि घायलों का इलाज कुवैत के 5 अस्पतालों- अदान, जाबेर, फरवानिया, मुबारक अल कबीर और जाहरा में चल रहा है। घायल भारतीयों की हालत अब पहले से बेहतर है। कुवैत में भारतीय दूतावास ने इस घटना के बाद एक हेल्पलाइन नंबर +965-65505246 भी जारी किया है।

## इमारत में रहते थे 195 मजदूर, पांच अग्निशमनकर्मी भी हुए घायल

**इस** दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जो लोग घायल हुए हैं, उनकी मदद करने एवं उन्हें सभी संभव सहायता पहुंचाने के लिए दूतावास स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है।

दूतावास को कुवैत प्रशासन से पूरा सहयोग मिल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि हताहत हुए भारतीयों में ज्यादातर केरल के हैं। अधिकारियों ने कहा कि ज्यादातर लोगों की मौत धुएं से दम घुटने के कारण तब हुई जब वो सोए हुए थे। उन्होंने कहा कि कई लोगों को बचा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नेट



के मंगफ क्षेत्र में छह मंजिला इमारत की रसोई में लगी। उन्होंने कहा कि इमारत में एक ही कंपनी के 195 मजदूर रहते थे।

कुवैत टाइम्स अखबार की खबर के अनुसार, गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आग से मरने वालों की संख्या 49 तक पहुंच गई है। मंत्रालय ने कहा कि आपराधिक साक्ष्य विभाग के कर्मी वर्तमान में घटनास्थल पर



मृतकों की पहचान करने और आग के कारण जानने पर काम कर रहे हैं।

इसने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वाले भवन मालिकों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। गृह मंत्रालय के सामान्य आपराधिक साक्ष्य विभाग के प्रमुख मेजर जनरल ईद अल-ओवैहान ने कहा, दुर्भाग्य से, हमें सुबह ठीक 6:00 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 8:30 बजे) मंगफ क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिली।

अंग्रेजी दैनिक अरब टाइम्स ने ओवैहान के हवाले से कहा कि मृतकों में अधिकतर केरल, तमिलनाडु और उत्तर भारतीय राज्यों के नागरिक शामिल हैं जिनकी उम्र 20 से 50 साल के बीच थी। संबंधित इमारत को एनबीटीसी समूह ने किराए पर ले रखा था।

सूत्रों ने बताया कि मरने वालों में अन्य देशों के भी कुछ नागरिक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान के दौरान पांच अग्निशमनकर्मी घायल हो गए।





विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन ने कुवैत के विदेश मंत्री से मुलाकात की : भारत से कुवैत पहुंचे विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने वहां के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल याहया से मुलाकात की।



# नगर आयुक्त ने विभागीय समीक्षा बैठक में त्योहारों को लेकर बनाई कार्ययोजना

## सफाई व्यवस्था पर जोर, प्लास्टिकमुक्त तथा जीरो वेस्ट हों भंडारे व अन्य धार्मिक अनुष्ठान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक निगम के सभी विभागों की समीक्षा बैठक में आगामी त्योहारों को लेकर कार्ययोजना बनाई। समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त ने गंगा दशहरा, ईद उल अजहा, योग दिवस, व अन्य त्योहार पर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, समस्त विभागीय अधिकारी, समस्त जोनल प्रभारी, व स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग, जलकल विभाग, प्रकाश विभाग, की टीम भी उपस्थित रही। नगर आयुक्त द्वारा विभागों को आपसी समन्वय बनाते हुए कार्य करने के लिए कहा गया।

शहर में ईद उल अजहा के अवसर पर सभी मस्जिदों की सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए, कुबार्नी वाले स्थल पर सैनिटाइजेशन, ब्लीचिंग पाउडर डस्ट आदि का छिड़काव करने के लिए निर्देशित किया गया, कुबार्नी के बाद वेस्ट को समय से निस्तारित करने के भी निर्देश दिए गए। पेयजल, प्रकाश व्यवस्था के लिए भी आदेशित किया गया, गंगा दशहरा व अन्य त्योहारों पर आयोजित होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों को पूर्ण रूप से जीरो वेस्ट बनाने पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को कहा गया कि भंडारे व अन्य कार्यक्रमों में प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया जाये।

धार्मिक अनुष्ठानों के स्थलों पर डस्टबिन व सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के भी निर्देश दिए। नगर आयुक्त द्वारा उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज को नंदी पार्क गौशाला पर गोवंशों का विशेष ध्यान रखते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए कहा गया। समय-समय पर अपर नगर आयुक्त को भी गौशाला व गोवंश की देखरेख व निरीक्षण केनिर्देश दिए गए। कैटल कैचिंग अभियान को तेज करने के लिए जोर दिया गया। त्योहारों के चलते गाजियाबाद नगर निगम सफाई अभियान चलाएगा जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों को भी स्वच्छता में सहयोग के लिए आगे आने की अपील की जा रही है।

### ईद पर विशेष सफाई अभियान के महापौर ने दिए निर्देश



**करंट क्राइम।** आगामी 17 जून को ईद उल अजहा को लेकर महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों को शहर में उन स्थानों पर साफ सफाई के निर्देश दिए हैं जहां मस्जिद एवं ईदगाह हैं। महापौर ने कहा है कि शहर के जिस क्षेत्र में मुस्लिम आबादी है वहां के पार्षद एवं समाज के वरिष्ठजनों से सम्पर्क साधा जाए और उनके बताए अनुसार वार्डो में कार्य कराया जाए। महापौर ने कहा है कि सभी मुस्लिम भाइयों का त्योहार हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा सके इसके लिए निगम क्षेत्र सीमा के अंदर सभी मस्जिद, ईदगाह आदि के आस पास की साफ सफाई, चूना, प्रकाश व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, डस्टबिन हेतु गाड़ियां खड़ी कराने का कार्य आदि किया जाना चाहिए जिससे क्षेत्र में साफ सफाई बनी रहे। इसके साथ ही महापौर ने शहर के सभी मुस्लिम भाइयों को ईद की शुभकामनाएं दीं।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि करंट क्राइम के सवाल पर आ गया उदिता दीदी का जवाब? कहा मैं कहीं से कहीं तक नहीं हूं शहर विधानसभा से दावेदार? इसलिए अफवाहों पर ध्यान ना दें आप? मेरा पूरी तरह है संगठन के पद पर फोकस? दावेदारी का मैं नहीं बना रहीं हूं दूर दूर तक कोकस? नहीं की है मैंने अभी तक किसी बड़े चेहरे से मुलाकात? मेरी दावेदारी की चर्चाएं हैं बेमतलब की बात?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि पुलिस अधिकारी के खिलाफ जनप्रतिनिधि की हो गई है काफी लंबी तकरार? सवाल इस बात का है कि इतनी लंबी तकरार के बावजूद क्या सरकार नहीं कर रही है कोई विचार? क्या ऊपर वाले नहीं ले रहे हैं गंभीरता से इस मामले का संज्ञान? कहने वाले ने कहा अगर मामले को सिरीयसली लिया जा रहा होता? तो ऊपर से हो गया होता अब तक कोई ना कोई ऐलान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि शर्मा एंड कंपनी अभी से कर लें गर्ग साहब को मनाने के लिए जतन? क्योंकि जब शहर विधानसभा चुनाव में दावेदारी का मामला ऊफान पर होगा? तो अन्य दावेदार पूरे नहीं होने देंगे इनके प्रयत्न? कहने वाले ने कहा राजनगर के हवन वाली आग में डाला जायेगा विधानसभा वाले चुनाव में भी घी? इसलिए शर्मा एंड कंपनी पुराने वाले मामलों में गर्ग साहब के साथ बैठकर कर लें अभी से खुद को फ्री?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के एक बड़े जनप्रतिनिधि ने एक बड़े पंजाबी नेता की मेहनत का लोहा किया स्वीकार? कहा पार्टी को इस चेहरे की मेहनत पर करना चाहिए मजबूती से विचार? हम भी चाहते हैं कि इनके समर्पण का इनको मिलना चाहिए उचित लाभ? मगर क्या करें इनका भविष्य में क्या व्यवहार रहेगा इसको लेकर हम अभी भी स्पष्ट नहीं है साहब? बस यही वजह है कि हम चाहकर भी खड़े नहीं हो पायेंगे इनके साथ? मगर हमारी ये भी तमन्ना है कि भले ही इनका विधानसभा का पूरा ना हो? मगर कुछ तो पूरा होना चाहिए इनका ख्वाब?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि वार्ड 19 के उपचुनाव को लेकर मैं दूर करना चाहता हूं संगठन वालों के डाउट? यहां पर संगठन जो कहेगा वो मिस्टर चौहान करेंगे स्वीकार? मिस्टर चौहान की पुत्री और पुत्रवधू में से किसी को भी चुनाव लड़ाने पर संगठन कर सकता है विचार? कहने वाले ने कहा कि दिवंगत उर्मिला चौहान की सिम्पैथी का मिलना चाहिए इस परिवार को ही सपोर्ट? ये एक वार्ड का चुनाव है यहां नहीं पड़ने है लोकसभा के लिए वोट?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भगवा पंकज भैया लाल टोपी पहन कर थे साइकिल पर सवार? सच बता रहा हूं उनकी पोस्ट होती थी जोरदार? हमें बड़े ही आर्कषित करते थे उनके विपक्ष वाले तेवर? मगर जब से वो हुए हैं पक्षवाले? तब से उनके शब्द दिखा रहे हैं फेवर? फेवर वाले शब्दों में फिर नहीं रहती है उतनी धार? सच बताऊं पंकज भैया का पुराना वाला किरदार ही था जोरदार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब छपी करंट क्राइम में गाजियाबाद की राजनीति सिर्फ भगवा दो सरदारों तक ही रहने तक है सीमित? तब इस खबर को पढ़ने के बाद एक सरदार ने जवाब दिया असीमित? उन्होंने कहा कि पहले वाले सरदार जी एक बारी अपने मुंह से दावेदारी की चर्चा तो करें श्रीमान? उनके सामने मैं कर दूंगा अपनी दावेदारी को भी कुर्बान? करूंगा खुलकर उनके चुनाव में पांच लाख का सपोर्ट? जगह जगह जाकर मांगूगां उनके लिए वोट? अब वो कितना चाहते हैं मेरा साथ? धीरे धीरे आपको तस्वीर हो जायेगी साफ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर की सहबिरादरी वाले संगठन के एक मिनिस्टर ने कर दिये अपने अरमान क्लीयर? कहा हमारी तमन्ना है अगला कमांडर बनने की? हमारा चुनाव लड़ने का कोई भी इरादा नहीं है डियर? हमें पता है विधानसभा चुनाव में नहीं चलने वाला है हमारी बिरादरी का फैक्टर? इस बार या तो कोई पंजाबी चेहरा चुनाव लड़ेगा या फिर जलवा दिखायेगा ओबीसी वाला सैक्टर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के एक वरिष्ठ जाट नेता भगवागढ़ के अग्रवाल जी से कुछ इत्तेफाक नहीं रखते हैं खास? उनके शब्दों को सुनकर लगता है कि जैसे वो रहते हों अग्रवाल जी से नाराज? उन्होंने कहा कि अग्रवाल जी ने कौन सा जनता के लिए किया है काम? उन्होंने सिर्फ खुद को मजबूत करने का किया है काम? जब हमने पूछा उनसे अग्रवाल जी का पूरा नाम, तो ये शब्द सुनकर आ गई उनके चेहरे पर मुस्कान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम भगवागढ़ के तेवतिया जी को देना चाहते हैं इस बार सलाह? कर दें वो ओबीसी फैक्टर विधानसभा उपचुनाव में दावेदारी? सच बतांऊ हो सकता है उनका भला? हमें पता चला है वर्मा ब्रदर्स नहीं दिखा रहे हैं इस चुनाव में कोई खास इंटरेस्ट? अगर वो कर लेंगे थोड़ा सा प्रयास, तो पार्टी कर लेगी उन पर ट्रस्ट?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# महापौर के निर्देश पर तालाबों के सौन्दर्यीकरण का कार्य शुरू

## महापौर की योजना से बढ़ेगा शहर में भूजल स्तर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अब से कुछ समय पूर्व महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों के साथ शहर में बदहाल हो रहे तालाबों का निरीक्षण किया जिसमें गांव सिखरोड, मेनापुर, रहीसपुर, सदरपुर, मोरटा एवं महरौली के तालाबों को देखा गया था। अधिकांश तालाबों की स्थिति ठीक नहीं थी जिनका सौन्दर्यीकरण कराना अति आवश्यक था, क्योंकि अधिकांश नई कॉलोनियों में जल निकासी की भी बहुत बड़ी समस्या है तालाब में पानी पहुंच नहीं पाता है और पहुंचता भी है तो तालाबों के ओवरफ्लो होने से कॉलोनी में ही जल भराव हो जाता है जिसके चलते लगातार शिकायत भी आ रही थी। महापौर ने सहायक अभियंता, अवर अभियंता के साथ निरीक्षण किया था और इस व्यवस्था को जल्द से जल्द सुचारू करने के लिए नगर आयुक्त सहित अधिकारियों के साथ योजना बनाकर अमृत सरोवर 2.0 के अंतर्गत प्रथम चरण में सदरपुर, मोरटा, नायफल एवं अवंतिका के तालाब का सौन्दर्यकरण करना शुरू किया जिससे जल भराव खत्म हो सके और शहर का भूजल स्तर भी बढ़ाया जा सके।

महापौर ने बताया कि निरीक्षण के बाद कुछ तालाबों पर कार्य प्रथम चरण में शुरू किया गया है और कुछ पर दूसरे चरण में होगा। साथ ही महापौर ने देखा कि तालाबों की खुदाई ठीक की जा रही है और पुरानी शील्ड(गाद) को पूर्णता निकाला जा रहा है। महापौर ने मानसून से पहले कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं।

# यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पहुंचे मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा अपने परिवार के सदस्या से मिलने यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी पहुंचे। विदित हो कि श्री मिश्रा की निकट सम्बंधी मनोरमा तिवारी 79 वर्ष को बोलने में हो री दिक्कत के बाद गत12 जून को यशोदा कौशांबी में ब्रेन स्ट्रोक के चलते आईसीयू में डॉक्टर सुमंतो चटर्जी (वरिष्ठ चिकित्सक न्यूरोलॉजी विभाग) के संरक्षण में भर्ती कराया गया। मरीज को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने में डॉक्टर सुमंतो चटर्जी के अतिरिक्त डॉक्टर आर.के. मनी (डायरेक्टर क्रिटिकल केयर यूनिट एवं पल्मनोलॉजी विभाग), डॉक्टर लव बंसल (न्यूरोलॉजी विभाग), डॉक्टर असित खन्ना (प्रिंसिपल कंसलटेंट हृदय विभाग), डॉक्टर निश्चित जैन (इंटरवेनशनल न्यूरो रेडियोलॉजी), डॉक्टर विनय भट्ट (वरिष्ठ चिकित्सक मेडिसिन विभाग), डॉक्टर के. के. पांडेय (वरिष्ठ चिकित्सक पल्मनोलॉजी विभाग) एवं डॉक्टर सचिन माहेश्वरी (वरिष्ठ चिकित्सक क्रिटिकल केयर) की टीम भी पूर्ण निष्ठा से लगी रही। डॉक्टर्स की टीम द्वारा किए गए अथक प्रयासों के उपरांत मरीज के स्वास्थ्य में अभी सुधार है।

# इंदिरापुरम नीतिखंड एक में लगा हेल्थ कार्ड कैंप



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित हेल्थ कार्ड कैंप का आयोजन इंदिरापुरम नीतिखंड एक में किया गया। मकनपुर डिस्पेंसरी प्रभारी डॉ. स्मृति शर्मा के माध्यम से सबको स्वस्थ योजना के तहत लाभ देने के लिए शुक्रवार को कैंप में लगभग 154 परिवारों के हेल्थ कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर डिस्पेंसरी से डॉ. स्मृति शर्मा, नर्स रेणु, गायन्ति यादव, परिषद परिवार से अध्यक्ष विनीता वाजपेयी, महिला संयोजिका रिचा वालिया, ए,के गुप्ता, शाखा संयोजक अरुण शर्मा, सीनियर सिटीजन डीसी माथुर, शाखा संरक्षक हेमन्त कुमार वाजपेयी मौजूद रहे। अरुण शर्मा ने समाज के लिए किए जा रहे इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए डॉ. स्मृति को बताया कि हम ऐसे शिविर लगाकर निरंतर आपको सहयोग करते रहेंगे, डॉ. स्मृति ने कैल्शियम विटामिन एवं ओआरएस जरूरतमंदों को दिया। इस कार्ड बनने के लाभ एवं गर्मी लू से बचने के उपाय एवं परिषद साथियों को धन्यवाद किया।

# सोसायटी के पदाधिकारियों पर लिफ्ट में फंसा कर जान से मारने का लगाया आरोप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोरटा स्थित मीडोज विस्टा अपार्टमेंट डी-086 निवासी जयंती बैनर्जी पत्नी प्रणव कुमार बैनर्जी ने मधुवन बापूधाम थानाध्यक्ष को पत्र लिखकर मीडोज विस्टा सोसायटी फेज-1 पदाधिकारियों पर लिफ्ट में फंसाकर जान से मारने का आरोप लगाया है। पत्र में जयंती बैनर्जी ने कहा है कि वह एक बुजुर्ग व अस्वस्थ महिला हैं, अपने अस्वस्थ पति के साथ मीडोज विस्टा सोसायटी के फ्लैट संख्या- 086 में कई वर्ष से निवास करती हैं।

उनके पति शुगर एवं बीपी के मरीज हैं और अभी हाल ही में उनका आपरेशन हुआ है। पत्र में कहा है कि शुक्रवार सुबह 9-15 पर जब वह टावर की बड़ी लिफ्ट से अपने फ्लैट पर आ रहे थे तभी लिफ्ट बंद हो गई तथा बैकअप में लाइटव पंखों ने भी काम करना बंद कर दिया।

थानाध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा गया है कि उनके पति को लिफ्ट से बाहर निकालने के लिए वहां रहने वाले अन्य लोगों ने सोसायटी के पदाधिकारियों को कई बार फो न किया लेकिन उनमें से किसी ने भी फोन नहीं उठाया। बार बार जीबीएम में निवासियों द्वारा लिफ्ट को सुचारू करने के लिए निवेदन किया गया लेकिन पदाधिकारियों ने लिफ्ट सुचारू करने से साफ मना कर दिया। जयंती बैनर्जी ने कहा कि लिफ्ट का रखरखाव करने वाली कंपनी ने1जून 2024 से एक व्यक्ति सोसायटी में भेजने एवं 24 घंटे लिफओं का रखरखाव करने के प्रस्ताव को भी एओए पदाधिकारियों ने सिरे से खारिज कर दिया। पत्र में आरोप लगाया गया है कि उपरोक्त सोसायटी के पदाधिकारी वहां रहने वाले लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं।

एक तरह से उनके पति को मारने की साजिश की गई, भविष्य में कभी भी किसी के भी साथ इस तरह की घटना हो सकती है जिसकी जिम्मेदारी लेने को सोसायटी का कोई भी पदाधिकारी तैयार नहीं है। जयंती बैनर्जी ने आरोप लगाया है कि एओए पदाधिकारियों द्वारा अब से पहले भी कई बार उनके पति को इसी तरह लिफ्ट में फंसाकर मारने का प्रयास किया जा चुका है। उन्होंने थानाध्यक्ष से जांच कराकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है

# नेहरू नगर व संजय नगर के यशोदा अस्पताल में लगा रक्तदान शिविर

## विश्व रक्तदाता दिवस पर किया 110 लोगों ने रक्तदान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व रक्तदाता दिवस पर नेहरू नगर व संजय नगर के यशोदा अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया गया। नेहरू नगर व संजयनगर में लगे रक्तदान शिविर में 110 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर यशोदा अस्पताल नेहरू नगर के डॉ. कमांडेंट प्रमोद यादव ने कहा कि ऐसे रक्तदाताओं योगदान प्रशंसनीय है जो अपने रक्त का अनमोल दान करके दूसरों की जिन्दगी को बचाने का साहस दिखाते हैं। डॉ. प्रमोद ने कहा कि रक्तदान से हम न केवल जीवन बचाते हैं, बल्कि उससे बीमारियों का इलाज भी संभव होता है। इस अद्भुत कर्तव्य के माध्यम से, हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में भागीदार बनते हैं। इस विशेष दिन पर हम सभी रक्तदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं और उनकी प्रेरणादायक भूमिका की सराहना करते हैं।










गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढा इन दिनों आध्यात्मिक धार्मिक मूड में हैं। अपनी आस्था, श्रद्धा भक्ति को उन्होंने अपनी पोस्ट से साझा किया। सचिन डेढा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।